* वर्ष 40 * अंक 76 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर रविवार दिनांक 15 दिसम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक






**महिला सम्मेलन : उदयपुर में हुआ राज्य स्तरीय आयोजन, सीएम ने की कई योजनाओं की शुरूआत, कहा-**

# महिलाओं को 24 घंटे मोबाइल ऐप से मिलेगी मदद, क्लिक करते ही पुलिस के पास पहुंचेगी लोकेशन

**उदयपुर (पुकार)।** मुख्यमंत्री राज्य सरकार का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में शनिवार को उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसी भी समाज को उन्नत और प्रगतिशील बनाने में पुरुष एवं महिला दोनों की भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं एक माता के रूप में अपने बच्चे में संस्कृति, सभ्यता और मानवीय गुणों के विकास में प्रारंभ से ही महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इसी वजह से माता को बच्चे की प्रथम गुरु भी कहा गया है। सीएम ने महिला सुरक्षा के लिए 24 घंटे राजकोप सिटीजन ऐप की शुरुआत की। इस ऐप की मदद से महिलाओं को जरूरत पड़ने पर तत्काल पुलिस सहायता मिल सकेगी। ऐप में 'महिला सुरक्षा' सेक्शन में 'नीड हेल्प' का ऑप्शन जोड़ा गया है। इसमें पुलिस को कॉल करने या मैसेज करने का का विकल्प जोड़ा है। क्लिक करने के बाद ऐप से महिला की लोकेशन पुलिस के पास पहुंच जाएगी। इसके अलावा सीएम ने रोडवेज बसों में पैनिक बटन प्रोजेक्ट की शुरुआत की। यह प्रोजेक्ट 11 करोड़ रुपए का होगा। इससे रोडवेज बसों की ऑनलाइन ट्रैकिंग हो सकेगी। साथ ही बसों में किसी महिला या अन्य यात्री को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पैनिक बटन से मदद मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा- पिछली सरकार के समय राजस्थान महिला अपराधों को लेकर बदनाम रहा। हमने हमारे संकल्प पत्र में कहा था कि महिला अपराध को लेकर कार्रवाई करेंगे। हमने सरकार बनते ही इस पर काम शुरू कर दिया। महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ रोकने के लिए रात के समय पेट्रोलिंग शुरू की।

### महिलाओं के प्रति कहावतें बदली

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- पहले कहा जाता था कि हर सफल पुरुष के पीछे महिला होती है। अब कहा जाना चाहिए कि हर सफल व्यक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली महिला शक्ति होती है। इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें आई हैं, उन्हें नमस्कार करता हूं। उन्होंने कहा- जहां नारियों का सम्मान होता है, वहां हमेशा देवताओं का निवास होता है। हम पुरुष-स्त्री को रथ के दो पहिए के समान देखते हैं।

### 1 लाख लखपति दीदी का सम्मान

कार्यक्रम में 45 लाख स्वयं सहायता समूह के लिए राज सखी पोर्टल लॉन्च किया गया। इसके साथ ही 10 हजार इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम भी बांटे गए। सीएम ने आरएसआरटीसी का



सुरक्षा कमांड सेंटर और बसों में पैनिक बटन प्रोजेक्ट लॉन्च किया। महिलाओं को 24 घंटे पुलिस सहायता के लिए ऐप भी लॉन्च किया। इस दौरान 13.42 लाख महिलाओं को रसोई गैस सिलेंडर के लिए 48 करोड़ रुपए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से खाते में डाले गए। इसके साथ ही 1 लाख लखपति दीदी का सम्मान किया।

### रोडवेज में ऐसे काम करेगा पैनिक बटन

रोडवेज बसों में पैनिक बटन सीट के पास लगाए जाएंगे। पैनिक बटन को दबाने पर बस की लोकेशन के साथ ही उसमें सवार ड्राइवर और कंडक्टर की जानकारी रोडवेज के जयपुर मुख्यालय पर बनाए कमांड सेंटर समेत जिस डिपो की बस है, वहां के मुख्य प्रबंधक, प्रबंधक संचालक और अन्य अधिकारियों के मोबाइल पर जाएगी। इस दौरान अलार्म बजेगा।

अलार्म बजने पर आला अधिकारी ड्राइवर और कंडक्टर से संपर्क करने के साथ ही संबंधित क्षेत्र की पुलिस को भी सूचना दे सकेंगे। इससे यात्रियों को तुरंत मदद मुहैया हो सकेगी। यह बटन कोई वारदात होने पर, बस में खराबी, यात्री के बीमार होने पर मदद दिलवाने का काम करेगा।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि आधी आबादी देश की सौ फीसदी आबादी को प्रभावित करती है। इसी दिशा में केन्द्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार द्वारा महिला वर्ग को केन्द्र बिन्दु मानते हुए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी, नमो ड्रोन दीदी के साथ ही राज्य सरकार की लाडो प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण किया जा रहा है। राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि विकसित राजस्थान में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए पानी, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे सहित सभी क्षेत्रों में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा नारी शक्ति, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए निरंतर अहम निर्णय लिए जा रहे हैं।

इससे पहले सीएम शर्मा ने स्कूल शिक्षा विभाग की स्टॉल पर निःशुल्क साइकिल वितरण योजना अन्तर्गत राजकीय विद्यालय में कक्षा 9 में अध्ययनरत बालिकाओं को साइकिल वितरण किया। दिव्यांग कल्याण से संबंधित सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की सुखद दाम्पत्य जीवन योजना के अंतर्गत 5 लाख का चैक वितरण व विशेष योग्यजन को कृत्रिम अंग उपकरण सहायता योजना के अंतर्गत सुगम्य केन किट का वितरण किया। इसके अतिरिक्त कॉलेज शिक्षा विभाग की स्टॉल पर कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं राजस्थान देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि योजना तथा सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की मुख्यमंत्री स्कूटी योजना अंतर्गत लाभार्थियों को स्कूटी वितरण किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में अन्य विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक श्रीचंद कृपलानी, उदयलाल डांगी, प्रतापलाल, श्रीमती शांता देवी, फूलसिंह मीणा, ताराचंद जैन अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा, प्रमुख शासन सचिव खान एवं पेट्रोलियम टी. रविकांत, शासन सचिव ग्रामीण विकास आशुतोष पेडणेकर, शासन सचिव महिला एवं बाल विकास महेन्द्र सोनी सहित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

**संविधान पर चर्चा के दौरान पीएम का कड़ा प्रहार, कहा-**

# कांग्रेस संविधान का शिकार करती रही, 6 दशक में इसे 75 बार बदला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को संविधान पर चर्चा के दौरान कांग्रेस को संविधान का शिकार करने वाली पार्टी बताया। उन्होंने 1 घंटे 49 मिनट की स्पीच में कहा कि संविधान संशोधन करने का ऐसा खून कांग्रेस के मुंह लग गया कि वह समय-समय पर संविधान का शिकार करती रही। संविधान की आत्मा को लहूलुहान करती रही। करीब 6 दशक में 75 बार संविधान बदला गया। उन्होंने कहा कि इतिहास कह रहा है कि नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक सभी ने संविधान का दुरुपयोग किया। इनकी नई पीढ़ी भी उसी रास्ते पर है। नेहरू जी से राजीव गांधी तक कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों ने आरक्षण का विरोध किया। नेहरू जी ने लंबी-लंबी चिट्ठियां लिखीं। मोदी बोले- इमरजेंसी आई, संवैधानिक व्यवस्थाओं को खत्म कर दिया। देश को जेलखाना बना दिया, अधिकारों को लूट लिया, प्रेस की स्वतंत्रता को ताले लगा दिए। कांग्रेस के माथे पर ये जो पाप है, वो कभी भी धुलने वाला नहीं है। जब लोकतंत्र की चर्चा होगी, ये पाप धुलने वाला नहीं है।

**6 दशक में 75 बार संविधान बदला :** संविधान संशोधन करने का ऐसा खून कांग्रेस के मुंह लग गया कि वह समय-समय पर संविधान का शिकार करती रही। संविधान की आत्मा को लहूलुहान करती रही। करीब 6 दशक में 75 बार संविधान बदला गया। जो बीज देश के पहले प्रधानमंत्री ने बोया था, उसे खाद-पानी देने का काम एक और प्रधानमंत्री ने किया, श्रीमती इंदिरा गांधी।

**कांग्रेस का पाप कभी धुलने वाला नहीं :** संविधान यात्रा के 25 साल पूरे हो रहे थे, उसी वक्त हमारे देश में संविधान को नोच दिया गया। इमरजेंसी आई, संवैधानिक व्यवस्थाओं को खत्म कर दिया। देश को जेलखाना बना दिया, अधिकारों को लूट लिया, प्रेस की स्वतंत्रता को ताले लगा दिए। कांग्रेस के माथे पर ये जो पाप है, वो कभी भी धुलने वाला नहीं है। जब लोकतंत्र की चर्चा होगी, ये पाप धुलने वाला नहीं है।

**संविधान पर चर्चा में राहुल गांधी बोले-**

# ये लड़ाई मनुस्मृति और संविधान के बीच; आज देश के युवाओं का अंगूठा काटा जा रहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर लोकसभा में बहस के दौरान राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। राहुल ने



कहा, जब हम संविधान को देखते हैं तो हम देख सकते हैं कि संविधान में महात्मा गांधी, डॉ. आंबेडकर, पंडित नेहरू के विचार दिखते हैं, लेकिन ये विचार कहां से आए? ये विचार भगवान शिव, गुरू नानक, भगवान बासवन्ना, कबीर आदि से आए। हमारा संविधान बिना हमारी प्राचीन विरासत के बिना नहीं बन सकता था। गांधी ने कहा, सावरकर ने अपने लेखों में साफ लिखा है कि हमारे संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं हैं। लड़ाई मनु स्मृति और संविधान के बीच की है। अब सवाल ये है कि आप सावरकर की बात को मानते हैं या फिर संविधान को। क्योंकि जब आप संविधान की तारीफ करते हैं तो आप एक तरह से सावरकर का विरोध करते हैं। जैसे पहले हिंदुस्तान चलाया जाता था, वैसे ही आप आज भी चलाना चाहते हैं। राहुल गांधी ने एकलव्य का उदाहरण देते हुए कहा कि गुरू द्रोणाचार्य ने एकलव्य को सिखाने से मना कर दिया था और कहा था कि आप स्वर्ण जाति से नहीं है तो मैं आपको नहीं सिखा सकता। इसके बाद भी एकलव्य ने गुरू द्रोणाचार्य की मूर्ति बनाकर धनुष चलाना सीखा। जब एकलव्य ने धनुष चलाना सीख लिया तो द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा मांग लिया।

### 'देश के युवाओं का अंगूठा काटा जा रहा'

राहुल गांधी ने कहा, जब आप अदाणी को धारावी का बिजनेस देते हैं तो आप धारावी के छोटे व्यापारियों का अंगूठा काटते हैं। जब आप बंदरगाह, एयरपोर्ट अदाणी को देते हैं तो जो लोग ईमानदारी से व्यापार करते हैं आप उनका अंगूठा काटते हैं। लेटेरल एंट्री देकर देश के युवाओं का अंगूठा काटते हैं। देश के युवा प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी करते हैं। तो पेपर लीक कराकर आप उनका अंगूठा काटते हैं। देश के हजारों युवा सेना में जाने के लिए मेहनत करते थे, तो आपने अग्निवीर लाकर उनका अंगूठा काटा। किसान आपसे एमएसपी मांगते हैं, मगर आप अदाणी-अंबानी को फायदा पहुंचाते हो, तो आप किसानों का अंगूठा काटने का काम करते हैं। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि एकाधिकार होना चाहिए, अग्निवीर होना चाहिए। संविधान में ये नहीं लिखा कि देश के युवाओं का अंगूठा काटना चाहिए।

# एक देश-एक चुनाव बिल सोमवार को लोकसभा में होगा पेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार सोमवार को लोकसभा में एक देश-एक चुनाव से जुड़े 2 बिल पेश करेगी। इन दोनों बिल को 12 दिसंबर को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी भी मिल चुकी है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पहले एक देश-एक चुनाव के लिए 129वां संविधान संशोधन बिल पेश करेंगे। संविधान संशोधन के जरिए 1 नया अनुच्छेद जोड़ने और 3 अनुच्छेदों में संशोधन करने की व्यवस्था की जाएगी। सरकार एक देश-एक चुनाव मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा बिल को जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) को भेजे जाने की संभावना है। इसके अलावा दूसरा बिल केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़े 3 कानूनों में संशोधन का है। इसमें द गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट- 1963, द गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली- 1991 और द जम्मू एंड कश्मीर रिऑर्गनाइजेशन एक्ट- 2019 शामिल हैं। इस दूसरे बिल के जरिए जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए भी संशोधन किया जा सकता है।

# राजस्थान में पारा माइनस 2 डिग्री पर आया : आज 6 जिलों में येलो अलर्ट; कल से मिल सकती है कोल्ड-वेव से राहत

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान में लगातार चौथे दिन पारा माइनस में रहा। सीकर के फतेहपुर में शनिवार सुबह तापमान माइनस 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस सीजन में यह पहला मौका है, जब तापमान इतना नीचे आया है। फतेहपुर, चूरू में तेज ठंड के कारण बर्फ जमने का सिलसिला जारी है। उधर, हिल स्टेशन माउंट आबू का न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार के लिए 6 जिलों में कोल्ड वेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**15 से 19 दिसंबर तक दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी :** प्रदेश में 15 दिसंबर से ठंड के तेवर थोड़े ढीले हो सकते हैं। उत्तर भारत में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आने से उत्तरी हवा का प्रभाव कम हो रहा है। इसके चलते अगले 15 से 19 दिसंबर तक प्रदेश



में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी भी होगी।

**10 शहरों में तापमान 5 या इससे नीचे पहुंचा :** राजस्थान में सर्दी तेज होने का असर है कि 10 शहरों में कल तापमान 5 डिग्री सेल्सियस या इससे नीचे दर्ज हुआ। शनिवार को सुबह दर्ज किए गए न्यूनतम तापमान के तहत फतेहपुर (सीकर) में -2, माउंट आबू (सिरोही) में 1.4, बारां में 1.4, चित्तौड़गढ़ में 3.2, चूरू में 2.4, करौली में 1.9, पिलानी (झुंझुनूं) में 4.5, सीकर में 4, सिरोही में 3 और हनुमानगढ़ में 4.9 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ।

**7 जगहों पर न्यूनतम तापमान गिरा :** हनुमानगढ़ और पिलानी में 2 डिग्री न्यूनतम तापमान बढ़ा है। माउंट आबू के तापमान में कोई कमी नहीं आई है। इसके अलावा फतेहपुर, बारां, चित्तौड़गढ़, चूरू, करौली, सिरोही, सीकर में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। चूरू में शीतलहर और कड़ाके की ठंड का दौर लगातार जारी है। शनिवार सुबह भी कड़ाके की ठंड रही। बर्तनों में रखा पानी जम गया। खेतों में ओस की बूंदें बर्फ में तब्दील हो गईं।

# आडवाणी को आईसीयू में किया शिफ्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी की नीव रखने वाले लाल कृष्ण आडवाणी को शुक्रवार को देर रात दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी तबीयत बीते कुछ हफ्तों से नाजुक बनी हुई है। आज अपोलो अस्पताल की तरफ से उनके स्वास्थ्य की ताजा जानकारी दी गई है। एएनआई के मुताबिक, आडवाणी को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। इससे पहले इसी साल 4 जुलाई को भी आडवाणी को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उससे कुछ दिन पहले उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) उपचार के लिए ले जाया गया था। उन्हें एम्स में उपचार के बाद अगले दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी थी। इसके बाद 6 अगस्त को भी उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। हालांकि उनकी बेटी प्रतिभा आडवाणी ने बताया था कि उन्हें रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल ले गए थे।

# किसानों का नया प्लान तैयार : 16 को ट्रैक्टर मार्च, 18 को रेल रोको अभियान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शंभू बॉर्डर से तीन बार दिल्ली कूच विफल होने के बाद अब किसान नेताओं ने नई रणनीति बनाई है। किसान नेता सरवन



सिंह पंधेर ने संवाददाताओं से कहा कि अब 16 दिसंबर को उनका ट्रैक्टर मार्च होगा। इस दौरान पंजाब को छोड़कर पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकला जाएगा। 18 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक रेल पूरी तरह रोकने की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि अगला जत्था जब भी दिल्ली के लिए कूच करेगा, उसमें हरियाणा के किसान और महिलाएं भी होंगी। पंधेर ने कहा कि हम सभी तबकों को अपील करते हैं कि उठिए, 3 करोड़ पंजाबियों को चैलेंज है कि हर जगह रेलों को जाम करना है। ट्रेनें जाम वहां करनी हैं, जहां प्लेटफॉर्म और रेल का फाटक हो। हमारे देश में 50 फीसदी लोग खेती-किसानी से जुड़े हैं, आवाज को दबाया नहीं जा सकता है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के संयोजक हमारे किसान जगजीत सिंह खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी बिगड़ती सेहत सबके सामने है। उनकी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।




## संक्षिप्त समाचार

### बी एन विधि संकाय का संसदीय दौरा



**उदयपुर (पुकार)।** बी.एन. विश्वविद्यालय के विधि संकाय के 32 विद्यार्थियों ने भारत के संसद भवन का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण माननीय चित्तौड़गढ़ सांसद व पूर्व बीजेपी राजस्थान अध्यक्ष सी.पी.जोशी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। छात्रों ने लोकसभा की कार्यवाही को देखा, जहां संविधान पर एक विशेष सत्र चल रहा था। सत्र की कार्यवाही के अवलोकन के बाद सांसद सी.पी.जोशी ने विद्यार्थियों से मुलाकात की तथा फोटो भी लिया। बी.एन. विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन प्रो. कर्नल शिवसिंह सारंगदेवोत, बी.एन.संस्थान के सचिव प्रो. महेंद्र सिंह राठौड़, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़, और रजिस्ट्रार डॉ. निरंजन नारायण सिंह राठौड़ ने छात्रों को इस शैक्षणिक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस यात्रा के दौरान विधि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. आशुतोष पितलिया, डॉ. अनिला, डॉ. किरण चौहान, डॉ. पुष्पलता डांगी और अभिमन्यु चौहान भी उपस्थित थे। छात्रों ने इस अनुभव को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।

### श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान से संभव है बालिका सशक्तिकरण : आशीष सिंहल



**उदयपुर (पुकार)।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, प्रतापनगर में 'श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान से बालिका सशक्तिकरण' विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गीता के शिक्षाप्रद विचारों के माध्यम से बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित करना था। नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आशीष सिंहल ने गीता के विभिन्न श्लोकों और शिक्षाओं को बालिकाओं के जीवन में उनके आत्मबल, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता के विकास के संदर्भ में प्रस्तुत किया। उन्होंने बालिकाओं को सफलता के पांच सूत्र - लक्ष्य निर्धारण, निष्काम कर्म, कार्य में कुशलता, आत्मविश्वास और ईश्वर में विश्वास को कहानियों के माध्यम से समझाया। उन्होंने बताया कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जो व्यक्ति को हर परिस्थिति में दृढ़ और सकारात्मक बनाए रखने का मार्गदर्शन देती है। मनु भाकर और तुलसी गैबार्ड के उदाहरणों से उन्होंने बतलाया की गीता के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर आत्मविश्वास और समर्पण के साथ अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम की शुरुआत नवनीत भट्ट द्वारा प्रार्थना और अंत गीता काव्य गीत से हुआ। उन्होंने छात्राओं को नियमित श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से डॉ. अलका हाड़ा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। प्रधानाचार्य खुरशीदा बानु ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल छात्राओं को जीवन में सफलता के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होते हैं।

### 1 साल में प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई: कचरू लाल

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान की 'पर्ची सरकार' के एक साल के विफल कार्यकाल पर उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने कहा कि राजस्थान की 'पर्ची सरकार' पिछले 1 साल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार रोकने में पूरी तरह से नाकाम रही। प्रदेश में बढ़ते अपराधों के कारण राज्य में कानून नाम की कोई व्यवस्था नहीं रह गई है। पिछले 1 साल में प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। अपराधियों में पुलिस प्रशासन का खौफ खत्म हो गया है। प्रदेश में सरकार नाम की कोई व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने कहा कि स्थानीय निकाय जमीन स्तर तक का श्रेत्र का विकास करने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। पंचायत हो या शहरों के वार्ड हो स्थानीय निकाय ही वहां की रोजमर्रा की समस्याओं को खत्म कर बेहतर विकास करते हैं। केंद्र के अपने नेताओं को खुश करने के लिए बिना किसी ठोस योजना के 'वन स्टेट वन इलेक्शन' की घोषणा की। 'पर्ची सरकार' के पास इसको लागू करने की कोई ठोस योजना ही नहीं थी। नगर निगम और नगर परिषद में प्रशासक नियुक्त कर दिए गए।

### होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान को किया सम्मानित



**उदयपुर (पुकार)।** होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के उदयपुर संभाग अध्यक्ष राकेश चौधरी ने बताया कि फेडरेशन को जयपुर में हुए कार्यक्रम में खाद्य एवं औषधि नियंत्रण विभाग की ओर से उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से फेडरेशन की ओर से शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान को सफल बनाने एवं मोटा अनाज मिलेट्स प्रमोशन के लिए लगातार गतिविधियां आयोजित की जा रही है। साथ ही राज्य में आने वाले पर्यटकों एवं आम जन को शुद्ध एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थ के साथ हाइजीन का विशेष ध्यान रखने के लिए होटल फेडरेशन आफ राजस्थान लगातार अभियान चला रहा है। सम्मान समारोह में खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने कहा कि आशा करते हैं भविष्य में भी फेडरेशन द्वारा विभाग को इसी तरह से सहयोग मिलता रहेगा। उपायुक्त पंकज ओझा ने फेडरेशन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के लिए धन्यवाद एवं आभार जताया और कहा कि फेडरेशन द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो से अन्य संगठनों को भी प्रेरणा मिल रही है। उपायुक्त धौलपुरिया ने आश्वस्त किया कि विभाग फेडरेशन द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अपना पूरा सहयोग लगातार देता रहेगा। फेडरेशन के कार्यकारी सदस्य अंबालाल साहू ने बताया कि उदयपुर में भी जागरूकता हेतु इस तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे साथ ही अध्यक्ष हुसैन खान ने पूरे प्रदेश में संभाग स्तर पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजन की भी बात कही। इस अवसर पर फेडरेशन के अध्यक्ष हुसैन खान, उपाध्यक्ष रण विजय सिंह, कोषाध्यक्ष संदीप गोंगीया एवं कई सदस्य मौजूद थे।

### मातृभाषा में संवाद करने से बढ़ता है गौरव : दीपक शर्मा



**कानोड़।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित विद्या निकेतन उ.प्रा.विद्यालय में शनिवार को मातृभाषा गौरव पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक राजेन्द्र व्यास ने की, मुख्यवक्ता दीपक शर्मा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्या भगवती चौबीसा ने दीप वंदना ओर दीप प्रज्वलन से की। आचार्य शुभम जोशी ने अतिथि परिचय करवाया । मुख्य वक्ता दीपक शर्मा ने उपस्थित मातृ शक्ति को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपनी भाषा में संवाद करने से ही गौरव बढता है क्यों कि हिन्दी भाषा ही हमारे संस्कारों की संवाहक है। शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी बेसिक शिक्षा के लिए मातृभाषा के पक्षधर थे ,पर आज अंग्रेजी भाषा की होडाहोड में हमने गांधी जी की भावना का भी अपमान किया है ।प्रधानाध्यापक राजेन्द्र व्यास ने कहा कि अंग्रेजी के चक्कर में पडकर बालक अपनी मातृभाषा से दुर हो जाता है ओर इस कारण अपनी प्रतिभा खो बैठता है । संचालन गगन व्यास ने किया ,हंसा व्यास ने आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर सरोज व्यास, धवल लक्ष्मी, गुणबाला, कनिष्क, प्रेम शंकर सहित उपस्थित थे।

# विद्यापीठ:वार्षिकोत्सव का रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ आगाज

**राजस्थानी, पंजाबी, रिमिक्स गानों पर जमकर दी प्रस्तुतियां**

**भगवान राम के जीवन पर प्रस्तुत नृत्य नाटिका ने सभी का मन मोहा**




**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से शनिवार को महाविद्यालय के सभागार में आयोजित वार्षिकोत्सव 2024 का आगाज कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, मुख्य अतिथि जल पुरूष डॉ. राजेन्द्र सिंह, विशिष्ठ अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. महेन्द्र यादव, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. रचना राठौड़, डॉ. अमी राठौड़ ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीपदान कर किया।

वार्षिकोत्सव के नाम के अनुरूप ही विद्याार्थियों ने भारतीस संस्कृति के विभिन्न रूपों को जीवन्त करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई, जिसकी शुरूआत गणपति वंदना, कालबेलिया नृत्य, राजस्थानी लोक नृत्य, गुजराती गरबा, कत्थक सहित भगवान राम के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका व कलकी अवतार नृत्य जैसी प्रस्तुतियां दे उपस्थित अतिथि एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महाविद्यालय द्वारा आयोजित मेहंदी, सलाद डेकोरेशन, एकल गीत, विचित्र वेशभूषा, आशुभाषण, रंगोली, फेस पेंटिंग, काव्य पाठ, वन मिनट गेम, केश सज्जा, नेल आर्ट, मांडना, एकाभिनय, युगल नृत्य विराउट गैस कुकिंग, प्रश्नोत्तरी, समूह नृत्य, समूह लोक गीत, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित करते हुए कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने भावी शिक्षकों का आव्हान किया कि शिक्षक समाज का रॉल मॉडल होते है और देश के निर्माण का जिम्मा भी शिक्षकों पर ही है वे ही भावी पीढ़ी को तैयार करते है। उन्होंने कहा कि देश को 2047 तक पुनः विश्व गुरू बनाना है। मुख्य अतिथि जल पुरुष डॉ. राजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों से व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ पर्यावरण और सामाजिक सांस्कृतिक विकास के आपसी संबंधों को बताते हुए शिक्षक के रूप में पर्यावरण चेतना को समाज और राष्ट्र के स्तर पर कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आधुनिकता आनन्द प्राप्ति में बाधक होती है। अतः मशीनीकरण पर अति आश्रितता घातक है एवं अन्तः संवेदना को नष्ट करता है। वार्षिकोत्सव अगले वर्ष की तैयारी अर्थात सृजन का माध्यम होता है। यह अपनी विरासत को सहेजने, प्रचारित करने, अवलोकन करने का स्रोत भी है।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रशिक्षणार्णियों के शैक्षणिक और व्यक्तिगत उन्नित के साथ साथ उनके भावी व्यवसायिक जीवन के लिए तैयार करने तथा उन्हें प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के लिहाज से महाविद्यालय की ओर से ये प्रयास किये जाते है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश चैबीसा ने किया जबकि आभार डॉ. रचना राठौड़ ने ज्ञापित किया। समारोह में महाविद्यालय के संकाय सदस्य सहित विद्यार्थियों ने जमकर लुफ्त उठाया।

# भूपाल नोबल्स शिक्षा संकाय में विस्तार व्याख्यानमाला का आयोजन




**उदयपुर (पुकार)।** शिक्षा संकाय, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय उदयपुर के तत्वाधान में सह शैक्षणिक गतिविधियों के तहत 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शिक्षा संकाय की अधिष्ठाता प्रो शशि चित्तौड़ा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रख्यात शिक्षाविद् प्रोफेसर एम.पी.शर्मा, पूर्व प्राचार्य, विद्याभवन शिक्षक महाविद्यालय ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पधारे हुए सम्मानित अतिथि का स्वागत अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय द्वारा किया गया। प्रो शर्मा ने अपने उद्बोधन में समृद्ध भारतीय संस्कृति के बारे में बताया कि आज हमें अपने ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। हमारा देश विविधताओं में एकता को प्रदर्शित करता है। अगर हम अपने कार्यस्थल पर आकर कार्य नहीं करते हैं तो यह भी हमारी कार्यनिष्ठा के प्रति कुठाराघात है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं शिक्षकों का आह्वान किया कि हमें सदैव अपने कर्तव्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए कार्य को सम्पादित करना चाहिए। प्रो शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को कार्य की सत्यनिष्ठा के प्रति शपथ दिलाई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा शिक्षा संकाय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रकाशित जर्नल का विमोचन किया गया। कर्नल (प्रो.) शिव सिंह सारंगदेवोत, कार्यवाहक अध्यक्ष, विद्या प्रचारिणी सभा, प्रो.महेन्द्र सिंह आगरिया, मंत्री, विद्या प्रचारिणी सभा, मोहब्बत सिंह राठौड़, प्रबंध निदेशक, विद्या प्रचारिणी सभा तथा डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड़, कुलसचिव, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्या प्रचारिणी सभा, भूपाल नोबल्स संस्थान ने विगत 101 वर्षों से सत्यनिष्ठा का पालन करते हुए शिक्षा के माध्यम से देश के विकास एवं समृद्धि में अपना अतुलनीय योगदान दिया है। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के सभी प्रशिक्षणार्थी एव संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### जनजाति शोधार्थियों से रिसर्च फेलोशिप योजनांतर्गत आवेदन-पत्र आमंत्रित

**उदयपुर (पुकार)।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्र (टीएसपी) एवं सहरिया क्षेत्र की बारां जिले की शाहबाद एवं किशनगंज तहसीलों के पात्र जनजाति विद्यार्थियों के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शोध कार्य के लिए पंजीकृत जनजाति शोधार्थियों से रिसर्च फेलोशिप योजनांतर्गत आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये हैं। माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक ओ.पी.जैन ने बताया कि आवेदन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 14 जनवरी को सायं 6 बजे तक है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में आफलाईन भर कर कार्यालय समय में व्यक्तिशः अथवा डाक के माध्यम से जमा कराये जा सकते हैं। शोधार्थियों के लिए आवेदन पत्र एवं विस्तृत दिशा निर्देश एवं योजना की गाइडलाइन विभागीय वेबसाइट पर देखें जा सकते है।

### मालवीय लोहार प्रीमीयर लीग की ऑक्शन प्रक्रिया आज

**उदयपुर (पुकार)।** प्रति वर्ष आयोजित होने वाली मालवीय लोहार प्रीमीयर लीग -3 क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज आगामी 9 से 14 जनवरी 2025 तक - खेल गांव स्थित क्रिकेट स्टेडियम उदयपुर में होने वाला है, जिस संबंध में मालवीय लोहार समाज की विभिन्न टीमों के खिलाडियों की ऑक्शन प्रक्रिया रविवार को प्रातः मालवीय लोहार समाज के निर्माणाधीन छात्रावास भवन, बरोडिया पर होगी। नवयुवक मंडल अध्यक्ष किशनलाल लोहार रामा ने बताया कि मालवीय लोहार समाज के युवाओं को खेल के माध्यम से जोडने हेतु विगत वर्षों से प्ल्प्स् की तर्ज पर इस प्रकार की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

# दाऊदी बोहरा जमाअत की कार्यकारिणी घोषित

**इक़बाल हुसैन रस्सावाला अध्यक्ष जबकि फ़िरोज़ हुसैन टीन वाला बने सचिव**



**उदयपुर (पुकार)।** दाऊदी बोहरा जमाअत के दिनांक 1 दिसंबर को सम्पन्न हुए चुनावो के बाद चुने हुए सदस्यों ने अपनी नयी कार्यकारिणी घोषित की। जिसमे इक़बाल हुसैन रस्सावाला को अध्यक्ष जबकि फ़िरोज़ हुसैन टीन वाला को सचिव चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर अबरार अहमद कत्थावाला और रियाज़ अली टीनवाला को चुना गया। सह सचिव पद पर फ़िरोज़ नाथ और शब्बर हुसैन कुतुबअली को चुना गया जबकि अकाउंटेंट पद पर सरफ़राज़ हुसैन गुमानी वाला और कोषाध्यक्ष पद पर अली असग़र खिलौना वाला को चुना गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी के एग्जीक्यूटिव सदस्यों के रूप में इस्माइल अली दुर्गा, फ़िरोज़ अली पीपा वाला और शेहरे बानू खाखड़ वाला को चुना गया।

चुनाव कन्वीनर अनीस डीएम ने बताया कि 1 दिसंबर को सम्पन्न हुए चुनावो में निर्वाचित 21 सदस्यों ने 12 दिसंबर 2024 को 11 सदस्यों को मनोनीत किया जिसमे फ़िरोज़ हुसैन टीन वाला, शब्बीर हुसैन शेख, अली मज़हर रस्सावाला, मोहम्मद हुसैन सबील वाला, हातिम अली दिल्ली वाला, अनवर अली टीनवाला, हमीदा ज़रीवाला, इस्माइल अली दुर्गा, अख़लाक़ अहमद टीडीवाला, अशफ़ाक़ हुसैन के आर और हुसैनी ब्यावर वाला शामिल है।

चुनाव कन्वीनर अनीस डीएम ने आगे बताया की नयी कार्यकारिणी का शपथ समारोह अगले कुछ दिनों में आयोजित होगा। जिसमे सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।

# एनर्जी कंजर्वेशन दिवस व इंजीनियर वाई एस सरदालिया मेमोरियल स्मृति व्याख्यान का आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** दि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया उदयपुर लोकल सेंटर द्वारा एनर्जी कंजर्वेशन दिवस व इंजी वाई एस सरदालिया स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रारम्भ में दि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया उदयपुर लोकल सेंटर के अध्यक्ष इंजी. पुरुषोत्तम पालीवाल ने ऊर्जा संरक्षण पर अपने विचार रखते हुए बताया कि पर्यावरण संरक्षण ऊर्जा की खपत एवं ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करके जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद मिलती है और ऊर्जा संरक्षण आने वाली पीढियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करता है। उन्होंने इंजी. वाई एस सरदालिया के महान व्यक्तित्व का नमन कर उनकी याद में प्रति वर्ष उदयपुर लोकल सेन्टर द्वारा आयोजित मेमोरियल लेक्चर के बारे में बताया।

दि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया उदयपुर लोकल सेंटर के मानद सचिव इंजी. पीयूष जावेरिया ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण दिवस का उद्देश्य ऊर्जा के कुशल उपयोग और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने में व्यक्तियों उद्योगों और सरकारों की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह नवीन प्रौद्योगिकियों को अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है जो ऊर्जा की खपत को कम करते हैं और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हैं।

मुख्य अतिथि इंजी. बी एल खमेसरा पूर्व प्रबंध निदेशक जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण केवल हमारे मानव व्यवहार और बिजली के कम उपयोग को नियंत्रित करने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत में जहां प्रति 1000 व्यक्तियों पर 30 कारें हैं और विकसित देशों में प्रति 1000 व्यक्तियों पर 900 कारें है उन्होंने कहा कि अगले दो दशकों में वैश्विक स्तर पर बिजली की मांग में 25 की वृद्धि होगी। और मांग को पूरा करने के लिए ऊर्जा कुशल उपकरणों में करनी होगी सौर ऊर्जा और पवन टर्बाइन को बढ़ावा देना होगा और वैश्विक शुद्ध शून्य उत्सर्जन पर गंभीरता से अमल करना होगा।

मुख्य वक्ता इंजीनियर विवेक गुप्ता निदेशक मल्टी सोलियूशन अहमदाबाद ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण कई प्रकार की क्रियाओं के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है यथा लाइट और उपकरण बंद करनाए उपयोग में न होने पर लाइट और इलेक्ट्रॉनिक्स को बंद करना ऊर्जा कुशल उपकरणों का उपयोग करना ऊर्जा कुशल लाइट और उपकरण स्थापित करने से ऊर्जा की खपत को कम करने में मदद मिल सकती है घर के इन्सुलेशन में सुधार यह सुनिश्चित करना कि आपके घर का उचित रूप से इन्सुलेशन हो जो ऊर्जा संरक्षण में मदद कर सकता है।

वक्ता डॉ विष्णु अग्रवाल प्रोफेसर मैकेनिकल इंजीनियर गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज उदयपुर ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण में आ रही समस्याओं यथा संसाधनों के कुशल उपयोग के परिणामस्वरूप ऊर्जा की बर्बादी होती है कोयले की राख में आर्सेनिक कैडमियम और पारा जैसे प्रदूषक होते हैं और इसका निपटान भूमि और पानी में किया जाना भारत के पास पारंपरिक ऊर्जा संसाधन सीमित हैं और वह अपनी ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है ।

दि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया उदयपुर लोकल सेंटर द्वारा गरीब छात्रों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम का का आरंभ किया जिसमें एमएलवी टेक्सटाइल एंड इंजीनियरिंग कॉलेज भीलवाड़ा विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरित की गई। समारोह का गरिमामय संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन मानद सचिव इंजी पीयूष जावेरिया द्वारा किया गया।

### उदयपुर रंग उत्सव 24 का प्रथम रंग संवाद शुरू

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर रंग महोत्सव के प्रथम रंग संवाद की शुरूआत वरिष्ठ साहित्यकार इक़बाल खान द्वारा सरस्वती वंदना एवं मुख्य अतिथि दिनेश कोठारी एवं वरिष्ठ साहित्यकारो नाटककारों एवं टीम नाट्य संस्था के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर की। तत्पश्चात रंग संवाद वरिष्ठ साहित्यकार, नाटककार, लेखक, पत्रकार, हरीश बी शर्मा, डॉ श्रीकृष्ण जुगनू, सुनील मित्तल, कुंदन माली की उपस्थिति में आरंभ हुआ। सभी वरिष्ठ जनो ने अपने वक्तव्य से श्रोताओं को रंगकर्म एवं रंगकर्मियों का आम समाज को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया। डॉ श्रीकृष्ण जुगनू ने कहा कि रंग कर्म एक अनुष्ठान है, एक ऐसी विद्या जिसमे हर विद्या का समावेश है। उन्हांने रंगकर्मियों के लिए भारतमुनि द्वारा रचित नाट्यशास्त्र एवं लोकनाट्य की रचनाओं की गहराई और उससे जुड़ी चेतना के चरित्रचित्रण को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नाटककार सुनील मित्तल ने कहा कि नाट्यकर्म एक अभिनेता के चरित्र को निखरता है, मर्यादा का पालन करना सिखाता है।

इस अवसर पर बीकानेर से आउ वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक, पत्रकार हरीश बी शर्मा ने मंगल सक्सेना, रिजवान जाहिर उस्मान, देवीलाल सामर जैसे भूतपूर्व रंगकर्मियों के राजस्थान रंगमंच की समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ साहित्यकार कुंदन माली ने कहा कि नाटक और जीवन एक दूसरे के पूरक हैं, नाटक का उद्देश्य महज मनोरंजन नहीं मनःचेतना का सामूहिक विकास है। एक नाटककार किस तरह अपनी व्यक्तिगत जैविक संघर्ष और चुनोटियों को अनदेखा कर रंगकर्म के प्रति उनके प्रेम और निष्ठा का पालन करते हुए इस विद्या को आगे बढ़ाते रहता है, और समाज को नई दिशा देता है, पर समाज उसे कुछ नहीं देता। यूट्यूब सोशल मीडिया जैसे बढ़ते मनोरंजन के साधन के चलते दर्शकों एवं रंगकर्मियों के प्रेक्षागृह ओर नाट्य विद्या जैसी गंभीर ज्वलंत समस्याओं को उजागर किया। इस रंग संवाद का मंच संचालन निर्मला वर्मा ने किया। अंत में टीम नाट्य संस्था के अध्यक्ष सुनील टांक और इंदौर से आए मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के पूर्व छात्र अंकित दास ने आभार जताया।

### गायत्री परिवार का आरोहण युवा महोत्सव 24 से



**उदयपुर (पुकार)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा शाखा 'दिया' राजस्थान, यूनीसेफ और मोहनलाल सुखाडिय़ा विश्वविद्यालय द्वारा 24-25 दिसंबर को सुखाडिय़ा विश्वविद्यालय के कैंपस में एक अनोखा युवा महोत्सव 'आरोहण' आयोजित किया जाएगा। इसमें युवा अपने जीवन के दैनिक संघर्षों पर खुलकर बात कर सकेगा साथ ही विभिन गतिविधियों के माध्यम से आध्यात्मिक समाधानों से परिचित होगा। यह कार्यक्रम युवाओं को आध्यात्मिक जीवन की दिशा तय करने में मदद करेगा। यह अपने आप में पहला युवा महोत्सव है जहां युवाओं के समग्र स्वास्थ्य, करियर, फाइनेंस एवं रिलेशनशिप्स पर पैनल डिस्कशन, सेल्फ हेल्प गतिविधियां, संगीत, पुस्तक मेला, चेंज मेकर प्रदर्शनी तथा विभिन्न युवा उपयोगी कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम के आयोजन हेतु दिया राजस्थान और मोहनलाल सुखाडिय़ा विश्वविद्यालय साथ जुड़े है जिससे मेवाड़ और वागड़ के ज्यादा से ज्यादा छात्र छात्राओं को लाभान्वित कर सके।

आरोहण समन्वयक प्रणय त्रिपाठी ने बताया कि आरोहण का पहला संस्करण मुंबई में अश्वमेध यज्ञ में आयोजित किया गया था जहाँ 10,000 से ज्यादा युवाओं ने इसमें भाग लिया था। दूसरे संस्करण हेतु मेवाड़ की पावन धरा पर देशभर से युवाओं का आगमन होगा। इसमें विभिन्न विषयों के 45 से ज्यादा विशेषज्ञ कार्यक्रम में मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के प्रयाज के रूप में प्रत्येक रविवार विभिन्न महाविद्यालयों में दिया सेल के माध्यम से युवा उपयोगी गतिविधियां करवाई जा रही है जिसमें पर्सनालिटी डेवलपमेंट क्लासेज, आहार एवं दिनचर्या कार्यशाला, आध्यात्मिक युवा कवि सम्मलेन, ट्रैकिंग, भजन संध्या, ग्रुप डिस्कशन एवं आशुभाषण मुख्य हैं। इसमें अब तक 250 से ज्यादा युवाओं ने भाग लेकर प्रमाण पात्र प्राप्त किया है।

आयोजन समिति सदस्य रमेश असावा ने बताया की आरोहण का आयोजन मेवाड़ और वागड़ के युवाओं को प्लेटफार्म देगा जहां अपने दैनिक संघर्षों के आध्यात्मिक समाधान इस महोत्सव में मिलेंगे। मोहनलाल सुखाडिय़ा विश्वविद्यालय की तरफ से प्रो. बालूदान बारहठ को कार्यक्रम का नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

## बी प्लस

### सर्दी के मौसम में महिलाओं की पसन्द बन रही शॉल एवं पशमीना



**उदयपुर (पुकार)।** श्री कृष्ण आर्ट एंड क्राफ्ट्स की ओर से नगर निगम प्रांगण में चल रहा सिल्क ऑफ़ इंडिया मेला अब अपने यौवन पर पहुंच चुका है। यहां पर मेला प्रारंभ होने से लेकर मेला के दिन समाप्ति तक सैकड़ों लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

सिल्क मेले में अपनी स्टोल सजा कर बैठे कई व्यापारियों ने बताया कि अब उदयपुर में सिल्क के प्रति लोगों का आकर्षण लगातार बढ़ता जा रहा है। सिल्क मेले में कई व्यापारी ऐसे हैं जो उदयपुर में जब सिल्क मेले की शुरुआत हुई थी तब से लेकर आज तक इस मेले में अपनी स्टोल लगाते आ रहे हैं। कई व्यापारियों ने बताया कि हम सालों से उदयपुर में आ रहे हैं। हर बार पिछले साल से अगले साल में हमें लोगों का बहुत प्यार मिलता है। इस बार तो सिल्क के प्रति शहर वासियों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

कश्मीर से उदयपुर सिल्क मेले में आए फिरदोस ने बताया कि वह स्टॉल नंबर 48 पर कश्मीरी सालों की बिक्री कर रहे हैं। उनके पास 400 रूपयें से लेकर से 2 लाख, ढाई लाख, 3 लाख, 4 लाख से लगाकर 6 लाख रुपए तक की पशमीना शॉलें हैं। हालांकि उदयपुर में पशमीना शॉल को लेकर लोगों में इतनी समझ नहीं बन पाई है फिर भी इस बार उन्होंने यह तय कर लिया है की हर आने वाले खरीदारों को वह पशमीना शॉल की उपयोगिता और उसके महत्व के बारें में बताएंगे और ढाई लाख से लगाकर 6 लाख तक के शॉल जरूर बेच कर जाएंगे। ऐसा नहीं है कि पशमीना शॉल लोग खरीदते नहीं है लेकिन उन्हें शुद्ध माल की पहचान नहीं होने से वह अक्सर पशमीना के नाम से सस्ती शॉले ले लेते हैं। उन्होंने बताया कि ढाई लाख से 6 और 7 लाख तक की 1 साल को बनाने में 6 माह से 1 साल तक का समय लगता है। इसमें 4 से 6 कारीगर लगातार मेहनत करते हैं। इसमें जो रेशा व ऊन काम में आता है वह हर कहीं नहीं मिलता है। इसके लिए उन्हें लद्दाख से कीड़े लाकरके उन्हें घर में पालने पड़ते हैं। वही कीड़े उन्हें ऊन और रेशा देते हैं। पशमीना शाल शुद्ध रूप से हाथों से ही बनाई जाती है इसमें मशीन का कोई काम नहीं होता है यह खरीदने में जरूर महंगे लगती है लेकिन यह शाले दिखने में खूबसूरत और बहुत ही गर्म होती है।

### फ्लिपकार्ट ने फ्लिपस्टार्स 2024 अवार्ड समारोह में अग्रणी सेलर्स को सम्मानित किया

**उदयपुर (पुकार)।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट ने अपने प्रतिष्ठित फ्लिपस्टार्स 2024 अवार्ड समारोह के दौरान अपने 14 लाख सेलर्स की उपलब्धियों का जश्न मनाया। समारोह का आयोजन लीला पैलेस, जयपुर में किया गया। सुनील ग्रोवर की मेजबानी में आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका शलमली खोलगड़े ने अपनी खास प्रस्तुति से सभी को लुभाया। फ्लिपकार्ट सेलर्स के रेजिलिएंस, इनोवेशन एवं उद्यमिता की भावना के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान फ्लिपकार्ट के एसवीपी एवं हेड ऑफ मार्केटप्लेस, बीजीएम, होम एंड ग्रॉसरी बिजनेस श्री साकेत चौधरी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें...

### लायन राकेश पगारिया को अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अप्रिशिएसन सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित



**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा लायंस क्लब भीलवाड़ा के सदस्य रीजन चेयरमैन लायन राकेश पगारिया को अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष फ्रेबिसियो ओलिवेयरा एवं अमरीलीस ओलिवेयरा द्वारा उदयपुर में आयोजित भव्य समारोह मे उत्कृष्ट सेवा कार्यो एवं प्रांतीय कार्यक्रमों के लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए अप्रिशिएसन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रांतपाल लायन श्यामसुंदर मंत्री ने बताया कि लायन पगारिया ने अपने रीजन में प्रांत 3233 ई 2 मे सेवा कार्यों के अंदर पिछले पांच माह में से चार बार सर्वाधिक सेवा कार्य कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिसके लिए लायन पगारिया को पूर्व में प्रांतीय हीरो अवार्ड से भी नवाजा गया है। पीडीजी लायन दिलीप कुमार तोषनीवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रांत 3233 ई 2 में प्रथम बार उदयपुर आगमन पर प्रांत के सभी सदस्यों ने उनका स्वागत करते हुए हर्षोल्लाह से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में वीडिजी लायन निशांत जैन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय निदेशक एवं कई राजस्थान एवं एमपी के लॉयंस विभूतियों ने भाग लिया।

### ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव की प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित




**फतहनगर।** पीएम श्री स्कूल मावली में सम्पन्न ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। कार्यक्रम में 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं ने विभिन्न गतिविधियों में मनमोहक प्रस्तुतियां दी। समूह लोकनृत्य में उर्मिला सुथार एवं सहयोगी खेमली, समूह लोकगीत में भूपेन्द्र गाडरी एवं सहयोगी होली, एकल लोक नृत्य में रानू कुँवर राठौड़ मावली, एकल लोक गायन में भूपेन्द्र गाडरी होली, कविता में भूमि गुर्जर मावली, कहानी में महक कोठारी मावली, चित्रकला में लीला गाडरी लदानी, आशुभाषण में पूरण शर्मा सनवाड़, हस्तकला में लक्ष्मी जाट धनेरिया, कृषि उत्पाद प्रदर्शन में हेमलता जाट धनेरिया, मांडना में भूरी गायरी पलाना खुर्द, भपंग में सुशील गाडरी होली, खड़ताल में जितेन्द्र गाडरी खरताणा प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता रहे। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए। इस अवसर पर महोत्सव प्रभारी मोहनलाल स्वर्णकार,उमेश माहेश्वरी, प्रदीपसिंह नेगी, मनोज समदानी, भानसिंह राव, मीठालाल लौहार, छगनलाल मेघवाल, इन्दु हाड़ा, भूपेंद्र कौर, दीपक तलेसरा, गरिमा पुरोहित, प्रहलाद बड़गुर्जर, सुनील विजयवर्गीय, सोहनलाल जाट, शंकरलाल चावड़ा, पुखराज प्रजापत, राजवीर सिंह, योगेश जैन, नरेश आमेटा, अभय जैन, रामरतन कोठारी, अतुल दवे, पुष्करलाल बड़गुर्जर, दुदाराम डांगी, ऋतुराजसिंह राव, संजय गहलोत, प्रेमशंकर सालवी, उमा पारीक, नीलम राव, संगीता शर्मा, लोकेश जीणावत, हरीश दाधीच, शंकरलाल जाट, कमलेश गुर्जर, हेमंत प्रजापत, दिनेश आमेटा, प्रदीप आमेटा, चंद्रशेखर शर्मा, कन्हैया कृष्ण गोपाल शर्मा, शान्तिलाल मेघवाल, महेश विजयवर्गीय, संजय रेगर आदि उपस्थित थे।

### गादरोला में पूर्व चयन ट्रायल एवं शिविर का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुतियों के साथ समापन



**आमेट ।** 68 वी 14 वर्षिय नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता राउप्रावि गादरोला( आमेट) में शनिवार को पूर्व चयन ट्रायल एवं शिविर का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हुआ।शिवराधिपति गिरिराज डाकोत ने सभी आभार व्यक्त करते हुए बताया कि समापन समारोह की अध्यक्षता आमेट के सीबीईओ नरेन्द्र सिंह चुंडावत ने कि मुख्य अतिथि नंदकिशोर कंसारा, विशिष्ट स्थिति राजेंद्र सिंह चुंडावत प्रधानाध्यापक मुणडकोशिया उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत 68 वी नेशनल बॉक्सिंग खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने में खिलाड़ियों को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने शुभकामनाएं देते हुए नेशनल पर मेंडल प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान कोच भरत सिंह व सुनील व नरेंद्र सिंह व विद्यालय के भामाशाह गुलाब चंद्र बुनकर, विजय सिंह सोलंकी,,एप्पल ड्रीम स्कूल के संस्थापक जितेंद्र भंडारी एवं प्रधानाचार्य आशा भंडारी को भी विद्यालय गादरोला द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अवसर पर शारीरिक शिक्षक राधेश्याम आछेरा, पुखराज गुर्जर,कुलदीप पारीक, टीटी राहुल कुमावत,सुरेंद्र कुमार, अरविंद बिश्नोई और तौफीक आलम,रिजवान अहमद, मनीष शर्मा, निरंजन सिंह, देव श्री पुरोहित,अनीता मेवाड़ा, शायरी बुनकर आदि उपस्थित थे।

### महाविद्यालय की बालिकाओं को दी बीमा सखी योजना की जानकारी



**फतहनगर।** महावीर अम्बेश गुरू महाविद्यालय, फतहनगर में रेड रिबन क्लब के तहत महिला सशक्तिकरण के लिए वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन भारतीय जीवन बीमा निगम फतहनगर के शाखा प्रबंधक चेतन नायक के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शाखा के विकास अधिकारी पियुष शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.ललित कुमावत ने की। मुख्य अतिथि चेतन नायक ने 09 दिसम्बर 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बालिका उत्थान के लिए लागू की गई बीमा सखी योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होनें बताया कि इससे ग्रामीण बालिकाओं में वित्तीय स्वावलम्बन की भावना जाग्रत होगी। विशिष्ट अतिथि विकास अधिकारी पियुष शर्मा द्वारा प्रथम वर्ष में अध्ययनरत बालिकाओं को भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृतियों की जानकारी दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ.ललित कुमावत ने बताया कि बीमा सखी योजना एक दूरदर्शी योजना है जिसका उद्देश्य वित्तीय सशक्तिकरण और केरियर के अवसरों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं का उत्थान करना है। कार्यक्रम का संचालन मुख्य समन्वयक रेड रिबन क्लब डॉ.मोनिका जैन द्वारा किया। धन्यवाद रेड रिबन क्लब प्रभारी राहुल मेनारिया द्वारा ज्ञापित किया गया।

# जिला अभिभाषक संस्था भीलवाड़ा कार्यकारिणी चुनाव 2025 सम्पन्न, कोर्ट परिसर में जमकर चले पटाखे, ढोल की थाप पर थिरके एडवोकेट्स

**» हमेशा अधिवक्ता के हितों की रक्षा करूंगा- शर्मा » राजेश शर्मा अध्यक्ष, रामपाल शर्मा महासचिव, उदय लाल शर्मा कोषाध्यक्ष निर्वाचित**



**भीलवाड़ा (पुकार) ।** भीलवाड़ा जिला अभिभाषक संस्था कार्यकारिणी चुनाव 2025 सफलतापूर्वक पूरे हो गए हैं जिसमें जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष पद पर राजेश शर्मा 167 मतों से विजय हुए हैं। चुनाव परिणाम घोषणा के साथ ही कोर्ट परिसर में उत्साह का माहौल देखा गया और अधिवक्ताओं ने ढोल नगाड़े और आतिशबाजी करते हुए विजय हुए पदाधिकारीयों का स्वागत किया। भीलवाड़ा के 902 मतदाताओं में से 855 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए जिला अभिभाषक कार्यकारिणी का गठन किया है। मुख्य चुनाव अधिकारी दीपक मित्तल ने बताया कि जिला अभिभाषक संस्था की कार्यकारिणी वर्ष 2025 के चुनाव में 7 पदों पर मतदान हुआ। सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक कुल 902 मतदाताओं में से 855 मतदाताओं ने अपना मत के अधिकार का प्रयोग किया है। अध्यक्ष पद पर राजेश शर्मा 167 मतों से विजय हुए हैं उपाध्यक्ष पद पर संजय कुमार सेन 419 मतों से विजय हुए हैं। महासचिव पद पर रामपाल शर्मा 111 मतों से विजय हुए हैं। रेवेन्यू महासचिव पद पर शंभू दास वैष्णव 304 मतों से विजय हुए हैं। कोषाध्यक्ष पद पर उदय लाल शर्मा 102 मतों से विजय हुए हैं सह सचिव पद पर रिपु दमन सिंह 165 मतों से विजय हुए हैं। पुस्तकालय सचिव के पद पर राजू कुमावत 181 मतों से विजय हुए हैं। इस पूरे कार्यक्रम में हमने जो कुछ नयापन लाया है मोबाइल का प्रबंध, पोलिंग व काउंटिंग की वीडियोग्राफी और इसके साथ ही सभी विजय हुए उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र सोपा गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि मैं सभी अधिवक्ता साथियों का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं जिन्होंने मुझे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विजय बनाया है। मैं हमेशा अधिवक्ता के हितों की रक्षा करूंगा और अधिवक्ता की सभी सुविधाओं को पूरा करूंगा। यह मेरे अकेले की जितने ही है यह सभी अधिवक्ताओं की जीत है। सम्पूर्ण चुनाव प्रकिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये सहायक चुनाव अधिकारी देई लाल रणवा, फिरदोस अहमद शेख, कीर्ति सोलंकी, कुशल साहु, राघव आचार्य सहित पोलिंग ऑफिसर विपुल सेठिया, श्याम सुन्दर शर्मा, रजत अजमेरा, नरेश मेघवंशी, निर्भय सिंह खींची, हेमलता राव, नीलम बाहेती, गायत्री साहू, चंचल पाराशर, नेहा जैन, मंजू गुर्जर, खुशबु मुर्जी, विनोद तेली, इन्द्र कुमार नायक, आशिष गौतम, विनोद रनवा, ओम प्रकाश तेली, मोह. फहजान, शिव पत्रिया, दीपक पारीक, आरिफ काजी, मोहम्मद सलीम, हेमन्त दाधीच, अंकित शर्मा का सहयोग रहा।

### भीलवाड़ा अरबन बैंक राजस्थान में दूसरे नंबर पर आया

## बैंक के अध्यक्ष विवेकानंद पाण्डे को फेडरेशन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



**भीलवाड़ा (पुकार) ।** राजस्थान अरबन को-आपरेटिव बैंक फेडरेशन लि. जयपुर के तत्वाधान में जयपुर में मल्टी स्टेट अरबन को-आपरेटिव बैंकिंग, समिट एवं अवार्ड 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान के सभी अरबन को-आपरेटिव बैंकों के अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालकों ने हिस्सा लिया। साथ ही अन्य राज्यों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। भीलवाड़ा अरबन को-आपरेटिव बैंक के प्रबंध संचालक नरेन्द्र कुमार सनाढ्य ने बताया कि इस समारोह में भीलवाड़ा अरबन बैंक को ऋण खातों में एनपीए की तीव्र वसूली करने के कारण राज्य स्तर पर दूसरा स्थान मिला। आयोजन में इस उपलब्धि के लिए बैंक के अध्यक्ष विवेकानंद पांडे को फेडरेशन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पांडे ने इस अवसर पर फेडरेशन द्वारा समय-समय पर दिए गए सुझावों के लिए फेडरेशन का धन्यवाद दिया। समारोह के दौरान उन्होंने विश्वास दिलाया कि भीलवाड़ा अरबन को-आपरेटिव बैंक भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करते हुए राज्य स्तर पर बैंक का नाम रोशन करेगा। समारोह में बैंक के महाप्रबंधक राजेश शर्मा, संचालक मंडल सदस्य सुनित जागेटिया एवं अंशु पांडे भी उपस्थित थे। फेडरेशन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं। आयोजन स्थल पर भारत की कई नामचीन कंपनियों द्वारा साइबर सिक्युरिटी एवं बैंकिंग क्षेत्र के नए उत्पादों की जानकारी भी दी गई।

### वीतराग महिला मंडल शास्त्रीनगर करेगा असहाय परिवारों को 500 ऊनी कंबल वितरित




**भीलवाड़ा।** वीतराग महिला मंडल शास्त्रीनगर असहाय निर्धनों एवं वृद्धजनों को हाड़ कंपाय सर्दी से बचाव हेतु 500 ऊनी कंबल वितरित करेगा। मंडल अध्यक्षा भूमिका जैन एवं सचिव रितिका पाटनी ने बताया कि सर्दी से बचाव के लिए मंडल सदस्याओं के सहयोग से कृषि उपज मंडी, कांवाखेड़ा, रेल्वे स्टेशन स्थित जुग्गी झोपड़ियों में निवास कर रहे 30 वृद्ध महिलाओं को मंडल द्वारा कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर मंडल की सदस्याएं नीलु जैन, रूपल छाबड़ा, जिनवाणी छाबड़ा, अक्षिमा वैद, उर्मिला अजमेरा, मनोरमा कोठारी, रितिका काला, मानसी चौधरी, अनीता छाबड़ा, निकिता सेठी, तन्वी गंगवाल, आयुषी सेठी, नेहा छाबड़ा, आयुषी बडजात्या, प्रीति खमेसरा, अंशु चौधरी सहित मंडल की अनेक सदस्याएं मौजूद थी। मंडल द्वारा शीघ्र ही छोटे बच्चों को स्वेटर भी वितरित किए जाएंगे।

### भजन संध्या आयोजित

**गंगरार ।** श्री सारणेश्वर महादेव मंदिर में मासिक प्रदोष पर्व पर प्रदोष जागरण समिति के तत्वाधान में श्रद्धालु भगवान लाल सालवी की ओर से भजन संध्या का आयोजन किया गया। संचालक रामलाल नोग्या ने गणपति वंदना कर भजन संध्या की शुरुआत की ।भजन गायक इंद्रमल नोग्या ने कैलाश के निवास नमो बार-बार तू आयो शरण तिहारी नमो बार-बार हूं भजन प्रस्तुत किया। कार्य म में गणेश लाल बरिया, गणपत सरेकू ,जीतमल सरेकू ,रिद्धि शंकर गंधर्व ,मनोज शर्मा, शिवलाल सुथार आदि भजन गायको ने भजनों की प्रस्तुति दी। भजन संध्या में ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेश शर्मा, धर्म नारायण शर्मा, सागरमल सोनी ,मुकेश शर्मा, गणेश नोग्या, दिलीप पंचोली, भेरूलाल शर्मा ,राजेंद्र गालव, सुनील बरिया, छोटू माली, राजेंद्र पटवा आदि श्रोता उपस्थित थे। रात्रि 12 बजे भगवान सारणेश्वर महादेव की महा आरती कर प्रसाद वितरण किया।

### फतहनगर का अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत,जनप्रतिनिधियों का जताया आभार

**फतहनगर।** राज्य सरकार ने फतहनगर की सिटी डिस्पेंसरी को 30 बैड युक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाए जाने पर भाजपा मण्डल फतहनगर-सनवाड़ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विधानसभा प्रभारी कृष्णगोपाल पालीवाल एवं सांसद सी.पी.जोशी का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा मण्डल अध्यक्ष राधेश्याम बागला ने पूर्व में सांसद सी.पी.जोशी को उपलब्ध भवन की जानकारी देते हुए उसमें ट्रोमा खोले जाने का आग्रह किया था। सांसद सी.पी.जोशी ने चिकित्सा की यहां महत्ती जरूरत को देखते हुए नगर की सिटी डिस्पेंसरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप ' मोन्नत करवाया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने इसके साथ ही चिकित्सालय के लिए 28 अतिरिक्त पदों की स्वीकृति भी जारी की है।

### सर्दी में मिले स्वेटर,खिले नौनिहालों के चेहरे



**फतहनगर।** विधानसभा क्षेत्र की गोलवाड़ा पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय राहमी के समस्त विद्यार्थियों को भामाशाह की तरफसे गर्म स्वेटर वितरित किए गए। विद्यालय के अध्यापक लक्ष्मणसिंह चौधरी ने बताया कि स्थानीय विद्यालय में भामाशाहों की सहायता से समस्त बालक बालिकाओं को सर्दी को देखते हुए गर्म स्वेटर वितरण किए गए जिससे छोटे-छोटे बालक बालिकाओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष छगनलाल जाट, विद्यालय प्रधानाध्यापिका श्रीमती निर्मला देवी भी मौजूद रहे।

### आचार्य चाणक्य लॉ कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

## कानूनी साक्षरता से ही न्याय पूर्ण समाज की नींव रखी जा सकती है- प्रहलाद राय व्यास




**भीलवाड़ा (पुकार) ।** आचार्य चाणक्य लॉ कॉलेज में एलएलबी के छात्र-छात्राओं ने राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित मोबाइल वैन - लोक अदालत का अवलोकन किया। साथ ही कानूनी जागरूकता हेतु विधिक चेतना शिविर का भी आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक दीपक शर्मा ने की। कॉलेज के विधिक सेवा क्लिनिक संयोजक एडवोकेट प्रहलाद राय व्यास ने बताया कि कानूनी साक्षरता से ही न्याय पूर्ण समाज की नींव रखी जा सकती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि रामनिवास रोगीराज ने छात्रों को प्राधिकरण द्वारा संचालित मोबाईल वैन की उपयोगिता एवं कार्यवाही से अवगत कराया। वंचित वर्ग के लिए कानूनी जागरूकता हेतु संचालित विभिन्न कार्ययोजनाओं व उपलब्ध सेवाओं एवं सहायताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्रों को विधिक सेवा प्राधिकरण की न्याय प्रक्रिया के बारे में बताकर विधिक सेवाओं का प्रचार-प्रसार करना था जिससे कि प्रत्येक व्यक्ति इन सेवाओं का लाभ उठाकर न्याय प्राप्त कर सके। संचालन डॉ. नेहा बोत्रा ने किया। सहायक आचार्य डॉ. आंकाक्षा शर्मा, शोभना वर्मा, सुनंदा विश्नोई, अभिलाषा, संतोष कुमार,कमलेश पारीक, संगीता सिंह आदि उपस्थित थे।

### व्यापार मंडलों ने विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ को दिया ज्ञापन

## नगरपालिका द्वारा वसुल किया जा रहा कचरा संग्रहण शुल्क निरस्त करने की मांग



**आमेट (पुकार) ।** नगर के जनरल व्यापार मंडल लक्ष्मी बाजार, वस्त्र व्यापार मंडल, सर्राफा मंडल,जनरल व्यापार मंडल रेलवे स्टेशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम लिखा एक ज्ञापन विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ को देकर नगरपालिका मंडल आमेट द्वारा कचरा संग्रहण के नाम वसुल किये जा रहें शुल्क को निरस्त करने की मांग की। जनरल व्यापार मंडल लक्ष्मी बाजार के अध्यक्ष ताहिर बोहरा, कोषाध्यक्ष मुकेश सिरोया, मंत्री हीरालाल सिंधी आदि पदाधिकारियों ने दिये ज्ञापन में अवगत करवाया की नगर पालिका आमेट जिला राजसमन्द द्वारा प्रत्येक दुकान से 200/- रूपये प्रतिमाह कचरा संग्रहण शुल्क लेना निधारित किया हैं। जो कि उचित नहीं हैं। कोरोना महामारी के बाद व्यापार बहुत ही मंदा चल रहा है। ऐसे में प्रतिमाह यह शुल्क देना किसी भी व्यापारी के लिये सम्भव नही है।अतः आपसे आग्रह है की इस विषय पर पुनः विचार करके इस शुल्क को अतिशीघ्र समाप्त किया जाए। और नगर के सभी व्यापारीयों को राहत दिलवायी जायें। प्रशासन द्वारा इस विषय पर शिघ्र निर्णय नहीं लेने पर सभी व्यापारीयों को को मजबूर होकर धरना -प्रदर्शन एवं आमेट नगर बन्द रखने जैसा कदम उठाने पर मजबूर होना पडेगा । जिसकी जिम्मेदारी शासन, प्रशासन की होगी। दुसरी ओर वसुली ठेकेदार के प्रतिनिधियो द्वारा व्यापारियों से अभद्रता करने के मामला भी सामने आया है । वसुली करने वालो द्वारा जबरदस्ती करने एवं दुकानों के ताला लगाने एवं पुलिस कार्यवाही करने तक की धमकियां दे रहे है। इस मामले पर पूर्व अध्यक्ष जनरल व्यापार मण्डल नारायण सिंह भाटी , सब्जी दुकानदार मदन लाल कीर, फ्रूट एवं सब्जी थेला वाले रतन सिंह चौहान,दिनेश कीर, प्रकाश कीर,राजु सरगडा, नन्दलाल कीर आदि ने बताया की ठेकेदार द्वारा शुल्क नही देने पर ठेला बंद करवा कर पुलिस थाने में एफ आई आर दर्ज करवा देंने की धमकियां देने एवं बदसलुकी की जो गलत है। वही उपखण्ड अधिकारी गोविन्द सिंह रत्नु ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान मे आया है । जांच करवा कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

### मानखंड में सती माता के मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्यक्रम संपन्न



**फतहनगर (पुकार) ।** मोरठ ग्राम पंचायत के मानखंड गांव में सती माता के मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्यक्रम भक्ति भाव एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक मानखंड निवासी नारायणलाल पालीवाल, भगवती लाल,देवकिशन पालीवाल, नाथुलाल, कालूलाल, मांगीलाल,जगदीश पालीवाल, सूर्य प्रकाश पालीवाल,अशोक पालीवाल,रमाकांत पालीवाल रहे। सती माता के जीर्णोद्धार में पालीवाल ब्राह्मण समाज संस्था पिछोली उदयपुर की कार्यकारिणी को भी आमंत्रित किया गया। पालीवाल समाज संस्था उदयपुर की कार्यकारिणी के कुछ सदस्यों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की जिनमें प्रमुख रूप से संस्था के अध्यक्ष मनोहरलाल पालीवाल,मीडिया प्रभारी महेश जोशी, कार्यकारिणी सदस्य जगदीश पालीवाल,त्रिभुवन पालीवाल भी इस पावन समारोह में सम्मिलित हुए। सती माता के जीर्णोद्धार का यह कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर अतिथियों का तिलक एवं शॉल ओढा कर स्वागत किया गया। इस शुभ अवसर पर अखिल भारतीय पालीवाल ब्राह्मण समाज 44 श्रेणी की कार्यकारिणी की बैठक भी रखी गई। इस समारोह में केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्यगण एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। उनमें प्रमुख रूप से अखिल भारतीय पालीवाल संगठन के अध्यक्ष शंकरलाल पुरोहित,महामंत्री सेवाराम बागोरा,कोषाध्यक्ष उमेश जोशी,उथनोल चोखला के अध्यक्ष पूर्णाशंकर,उपाध्यक्ष लहरीलाल दवे, महामंत्री जीवराज, उथनोल चोखला के उपाध्यक्ष जगदीश पालीवाल,बागोल चोखला अध्यक्ष प्रकाश पालीवाल, मंत्री सुंदरलाल पुरोहित, श्यामलाल जोशी,आमेट चोखला के अध्यक्ष पारस, राजनगर चोखला के महामंत्री राकेश पालीवाल भी इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन सुंदरलाल पुरोहित ने किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद् ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

# सम्पादकीय

## एटीएम से निकाल सकेंगे पीएफ

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ ने अपने खाताधारकों को अगले साल से सीधे एटीएम से पैसा निकालने की सुविधा देने का फैसला किया है। अब तक विभागीय जटिल प्रक्रिया व लालफीताशाही के चलते कर्मचारियों को जरूरत पड़ने पर अपना ही पैसा निकालने के लिये दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। कुल मिलाकर अब निकासी में विभागीय हस्तक्षेप कम करने का प्रयास किया गया है। निश्चित रूप से श्रम मंत्रालय की यह पहल सामाजिक सुरक्षा को सरल बनाने की दिशा में एक बड़ा बदलावकारी कदम है। यह कदम दक्षता सुधार व कर्मचारियों की अपने पैसे तक पहुंच बढ़ाने के लिये सार्वजनिक सेवा के साथ प्रौद्योगिकी के एकीकरण का अच्छा उदाहरण है। दरअसल, फिलहाल ईपीएफओ की निकासी प्रक्रिया में देरी के कारण खाताधारकों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। काफी समय के बाद जरूरतमंदों के खाते तक जरूरी राशि पहुंच पाती है। निश्चय ही पीएफ निकासी कार्ड का उद्देश्य उस लालफीताशाही को दूर करना है, जिसके चलते कर्मचारियों को पैसा समय पर मिल पाएगा। वैसे कुल राशि का पचास फीसदी निकासी सीमा तय करना, वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने तथा दीर्घकालीन बचत सुरक्षा को बढ़ावा देना वाला कदम ही है। इसके अलावा भी ईपीएफओ अपने व्यापक एजेंडे के साथ आगे बढ़ रहा है, जिसमें योगदान की सीमा बढ़ाना, भविष्य निधि बचत को पेंशन के रूप में परिवर्तित करना भी शामिल है। निश्चित रूप से यह पहल सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को ही उजागर करती है। जिसका मकसद अपने कार्यबल के लिये डिजिटलीकरण को बढ़ावा तथा जीवनयापन को आसान बनाना भी है। यह सुखद ही है कि वर्ष 2017 के बाद ईपीएफओ के सत्तर मिलियन सदस्य बढ़े हैं। उल्लेखनीय है कि इस नई सुविधा के लिये संगठन ने अपने खाताधारकों को एक विशेष पीएफ कार्ड देने का निर्णय लिया है। जो बैंक के एटीएम कार्ड की तरह काम करेगा।

बहरहाल, खाताधारक अगले साल जनवरी से अपने कार्ड के जरिये अपने खातों से सीधा पैसा निकाल सकेंगे। निस्संदेह, अब खाताधारकों के लिये पीएफ क्लेम करना और आसान हो जाएगा। वहीं एटीएम से पैसा निकालने की सुविधा के बाद इसमें मानवीय हस्तक्षेप हो जाएगा। लेकिन एक बार में खाताधारक पीएफ बैलेंस का अधिकतम पचास फीसदी धन ही निकाल पाएंगे। विभाग का कहना है कि आईटी सिस्टम को उन्नत किया जा रहा है ताकि क्लेम प्रक्रिया को आसान व तेज बनाया जा सके। अब खाताधारकों को ईपीएफओ ऑफिस जाने अथवा लंबी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं होगी। उपभोक्ता चौबीस घंटे, यहां तक कि छुट्टियों में भी पैसा निकाल सकेंगे। जिससे आपातकालीन जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। हालांकि, फिलहाल भी विशेष परिस्थितियों मसलन घर खरीदने, बच्चों की पढ़ाई, शादी व बीमारी पर एक निश्चित रकम निकालने का प्रावधान है। उसमें भी नौकरी की कार्यावधि तथा धन की निर्धारित रकम तक की सुविधा ही शामिल है। ऐसे ही सेवानिवृत्ति से कुछ समय पहले तक एक बड़ी रकम निकालने की सुविधा भी शामिल है। दरअसल, केंद्र सरकार अपने सामाजिक दायित्व को विस्तार देने के क्रम में कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर काम कर रही है। जिसमें सरकार गिग व प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा देने के मकसद से इन कामगारों को चिकित्सा संरक्षण, डिसएबिलिटी सपोर्ट और पीएफ सुविधाएं देना शामिल है। फिलहाल इन्हें परंपरागत कर्मचारी व्यवस्था के लाभ नहीं मिल रहे हैं। इस तरह ईपीएफओ अपने सक्रिय सदस्यों की सुविधाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में बढ़ी है। मकसद यही है कि उन्हें अधिक सुविधाएं दे सके। निश्चित रूप से हमारे श्रम बाजार को औपचारिक बनाने, भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने तथा सामाजिक सुरक्षा के मद्देनजर इस कार्यबल को मेडिकल कवर व वित्तीय सहायता देना न्यायसंगत ही होगा। सरकार की पहल प्रौद्योगिकी संचालित सामाजिक कल्याण ढांचे में बदलाव की ओर संकेत देती है। इससे व्यवस्था परिचालन की विसंगतियों को दूर करते हुए नागरिक केंद्रित सेवाओं में सुधार के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का भी पता चलता है। निश्चित रूप से यह कदम कर्मियों के कल्याण के मद्देनजर समानता व सुविधा के साथ सार्वजनिक संस्थानों में प्रति भरोसा बढ़ाने वाला भी है।

## संक्षिप्त खबरें...

### पूर्णिमा अवसर पर गोपाल गौशाला में होगा भजन कीर्तन

**चित्तौड़गढ़ ।** भीलवाड़ा रोड़ स्थित इन्दिरागांधी स्टेडियम के समीप गोपाल गोशाला चित्तौड़गढ़ पर 15 दिसम्बर रविवार पूर्णिमा के अवसर पर दिन के 2 बजे से 6 बजे तक भजन कीर्तन का आयोजन रखा गया है। शाम को कार्यक्रम पश्चात् आरती कर प्रसाद वितरण किया जावेगा। समस्त महानुभावो को सूचित किया जाता है कि समय पर आकर भजन कीर्तन का लाभ लेवे। चित्तौड़गढ़ क्षेत्रवासी व भक्तगण भजन लाभ प्राप्त करे।

### चोखाखेडा स्कूल में बच्चो को जूतों का वितरण

**चित्तौड़गढ़ ।** भामाशाह द्वारा विद्यार्थियों को जूते का वितरण स्थानीय विद्यालय में आज दिनांक 13- 12 -2024 को। भामाशाह उदयपुर निवासी श्री मोहनलाल जी परीक्षित जी प्रशांत जी श्रीमती मंजू देवी तलेसरा परिवार एवं चित्तौड़गढ़ निवासी श्रीमान राजेंद्र कुमार संचेती स्थानीय विद्यालय की सेवानिवृत्ति अध्यापिका श्रीमती कंचन संचेती द्वारा विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 1 से 5 तक के समस्त विद्यार्थियों को जूता का वितरण किया इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत कार्यवाहक संस्था प्रधान श्रीमती कन्या खटीक ने उपरना उड़ाकर किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष श्रीमान भेरूलाल जी पुर्बिया एवं एसएमसी के सदस्य उपस्थित थे आभार समस्त स्टाफ द्वारा आभार व्यक्त किया गया व कार्यक्रम का संचालन श्वेता कुमारी जैन ने किया ।

### मोदी की सभा को लेकर चित्तौड़गढ़ भाजपा की बैठक आज

**चित्तौड़गढ़ ।** प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने एवं ईआरसीपी परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम में 17 दिसंबर को जयपुर में पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारियों को लेकर आज रविवार को प्रातः 11 बजे अहिंसा नगर ओछड़ी स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में कार्यकर्ताओं के जयपुर जाने को लेकर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष एवं राजसमंद सह प्रभारी हर्षवर्धन सिंह को संयोजक मनोनीत किया गया है। बैठक में सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख, जिला पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री उपस्थित होंगे।

### दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर के तीसरे दिन 472 उपकरणो का वितरण

**चित्तौड़गढ़ ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मोत्सव व सरकार के सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या व श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति जयपुर शाखा अजमेर के सौजन्य से दिनांक 12 से 15 दिसम्बर तक स्टेशन रोड स्थित जैन धर्मशाला चित्तौड़गढ़ में आयोजित चार दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर के तीसरे दिन शनिवार को 472 दिव्यांगजनो को उपकरण वितरण कर लाभान्वित किया गया। शिविर संयोजक रवि विरागी ने बताया कि शिविर के तीसरे दिन राजपूत, जैन, चिकित्सा सेवा समिति के सदस्यो, विभिन्न समाजो के प्रतिनिधियो सहित बस्सी मण्डल के कार्यकर्ताओ ने उपस्थित होकर दिव्यांगजनो की सेवार्थ अपनी सेवाएं दी। रविवार को शिविर का अंतिम दिन होने से उपकरण प्राप्त करने से वंचित दिव्यांगजनो को अधिक से अधिक संख्या में शिविर स्थल पर आने का अनुरोध किया गया है। शिविर संरक्षक अनिल ईनाणी ने बताया कि शिविर के तीसरे दिन शनिवार को 4 ब्लाईंड स्टीक, 29 जयपुर फुट, 10 कृत्रिम हाथ, 84 कैलीपर, 36 बैसाखी, 128 कान की मशीन, 44 व्हीलचेयर, 79 ट्राई साईकिल, 4 ब्लाईंड स्टीक, एक कृत्रिम पेर, 55 बुजुर्ग छड़ी सहित 472 दिव्यांगजनो को उपकरण निःशुल्क वितरीत कर लाभान्वित किया गया। श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के अजमेर संभाग कोर्डिनेटर सुरेश मेहरा ने बताया कि शिविर में गोद में लाओ, चलाकर ले जाओ की तर्ज पर जयपुर फुट लगाए जा रहे है।

### केली विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत कौशल विकास सामग्री किट वितरीत

**निम्बाहेड़ा।** निम्बाहेड़ा उपखण्ड के केली ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत कौशल विकास सामग्री किट वितरण समारोह सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम टेलर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत एग्रीकल्चर के कौशल विकास सामग्री किट वितरीत समारोह की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि रामगोपाल झंवर ने की वहीं एसडीएमसी अध्यक्ष पंकज सेन के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम के आरम्भ में प्रधानाचार्य सुनील राठौड़ ने स्वागत उद्बोधन दिया। कौशल मित्र गौरव श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे और कक्षा 10 एवं 12 के छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा का जीवन में उपयोग एवं महत्व बताया, वहीं एग्रीकल्चर के अनुदेशक जोगेंद्र कुमार वर्मा ने व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से जीवन में कैरियर निर्माण के महत्व को बताया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के महत्व को समझाया। एग्रीकल्चर के 31 छात्र-छात्राओं को जीवन कौशल विकास किट वितरीत किए गए।

# नवीन आंगनवाड़ी केंद्र का किया शुभारम्भ





**निम्बाहेड़ा (पुकार)।** राजस्थान सरकार के द्वारा अपने पहले वर्ष में अपनी बजट में की गई विभिन्न जनकल्याणकारी घोषणाओं को तीव्र गति से लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट घोषणा के अनुसार निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में पांच नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों को खोले जाने की घोषणा की थी। इस पर पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा पर निम्बाहेड़ा उपखण्ड में निम्बोदा क्षेत्र के रावलिया, बिनोता क्षेत्र में भागल, बाड़ी क्षेत्र में किशनपुरा ग्राम तथा शहरी क्षेत्र में अटल नगर सहित छोटीसादड़ी क्षेत्र में फतेह सिंह का खेड़ा में एक आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत की गई। शनिवार को इन सभी नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों का शुभारम्भ किया गया। निम्बाहेड़ा शहरी क्षेत्र की अटल नगर आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ पूर्व विधायक अशोक नवलखा के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी की अध्यक्षता में मोली बंधन खोलकर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने आरम्भ में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया। समारोह के आरम्भ में विभाग की कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का उपरना ओढाकर स्वागत किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने कहा कि स्थानीय विधायक श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में क्षेत्र में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिल रहा है। अटल नगर क्षेत्र में भी कई वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र की मांग को देखते हुए विधायक कृपलानी ने अनुशंसा कर नवीन आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत करवाकर आज इसका शुभारंभ किया गया। नवलखा ने कहा कि क्षेत्र में आने वाले दिनों में विधायक कृपलानी के नेतृत्व में चिकित्सा, शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य किए जाएंगे, जिसमें इस क्षेत्र के लिए जनता क्लिनिक की सौगात मिलने वाली है।नवीन आंगनबाड़ी केंद्र के शुभारम्भ कार्यक्रम को भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, पूर्व पार्षद अविनाश गोठवाल ने भी संबोधित किया। समारोह का संचालन महिला बाल एवं विकास विभाग की मधु जैन ने किया तथा आंगनबाड़ी केंद्र पर संचालित होने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान अतिथियों के द्वारा नवीन आंगनबाड़ी केंद्र पर नव प्रवेशित बच्चों का मंगल तिलक लगाकर एवं गणवेश भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता कमलेश शर्मा, ओमप्रकाश नाथ, भाजपा नगर मंत्री इंदिरा भाम्भी, सुधा बारिया, रागिनी आमेटा, राजकुमारी सहित महिला पर्यवेक्षक कौशल्या शर्मा, शबनम खान, मधु नाथ सहित सेक्टर निंबाहेड़ा की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अटल नगर क्षेत्र की महिलाएं मौजूद रही।

# राजस्थान सरकार का एक वर्ष होने पर महिला सम्मेलन का आयोजन
## मुख्यमंत्री ने चित्तौड़गढ़ की नंदू कुमारी रेंगर से संवाद किया



**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** राजस्थान सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने की उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को इंदिरा प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्ज्वल कर किया गया।

महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने जो लाभकारी योजनाएं चलाई है जिससे महिलाओं को बहुत लाभ मिलेगा। उन्होंने मेवाड़ की मातृशक्ति संबोधित करते हुए कहा कि मेवाड़ की मातृशक्ति के त्याग एवं बलिदान को पूरा विश्व मानता है यह त्याग और तपस्या बलिदान की भूमि है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गैस सिलेंडर के दाम जो काम किए हैं, अच्छी शिक्षा मिली है एवं सरकार की योजनाएं शहर एवं गांव ढाणी तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं एक नारी ही पूरे घर को संभालती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा अथक प्रयास कर रहे हैं ।

पूर्व उप जिला प्रमुख मिट्ठू लाल जाट ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए राजीविका, कौशल, आजीविका विकास महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए ऋण उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आज साक्षरता दर महिलाएं पुरुषों से कमतर नहीं है, आज जब शिक्षा के क्षेत्र में मेरिट बनती है तो छात्राएं छात्रों से बाजी मार जाती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज केंद्र एवं सरकार की योजनाओं का लाभ उठा रही है।

**महिला सम्मेलन में इनका हुआ सम्मान**

महिला सम्मेलन के दौरान लखपति दीदी रामकन्या माली, रीना कंवर, रितु कंवर, अंजना बैरागी, पिंकी खटीक, अंजना गोस्वामी, प्रमिला कंवर, रीमा सेन एवं प्रेम कंवर को जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका संवर्धन राशि जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने का चेक वितरण किया।

महिला निधि बैंक द्वारा मोनिका वेद, आशा लोहार रेखा खारोल, लक्ष्मी एवं विद्या लोहार को ऋण स्वीकृति चेक का जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने का चेक वितरण किया । महिला सम्मेलन समारोह में राजसखी पोर्टल ऐप का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार महिला सम्मेलन समारोह में रतन शर्मा एवं ड्रोन दीदी नरगिस बी टीना सुथार, उषा लोहार, सुशीला जाट को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं एवं महिलाओं को इलेक्ट्रॉनिक कुकिंग सिस्टम भी वितरण गया । मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर तीन दिन तक बच्चों को दूध मिलेगा।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चित्तौड़गढ़ की नंदू कुमारी रेगर से संवाद किया**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिले की नंदू कुमार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। उन्होंने नंदू कुमारी से पूछा कि आपको 450 सो रुपए में गैस सिलेंडर मिल रहा है कि नहीं तो नंदू कुमारी ने जवाब देते हुए कहा कि 450 रुपए में गैस सिलेंडर मिल रहा है एवं 20 किलो गेहूं नि»शुल्क मिल रहा है। इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

इस दौरान जिला प्रभारी सचिव भानु प्रकाश एटरु, जिला कलक्टर आलोक रंजन, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामचंद्र खटीक सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## प्रदर्शनी में जनसम्पर्क विभाग के स्टॉल को देखने के लिए भारी उत्साह

**प्रतापगढ़।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मैदान में 12 से 15 दिसम्बर तक जिला स्तरीय प्रदर्शनी चल रही है। इस प्रदर्शनी में जिले के सभी विभागों ने स्टॉल लगाए है, जिन में गत वर्ष में उनके विभाग द्वारा किये गये कार्यो को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी में प्रथम स्टॉल प्रतापगढ़ के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग का है जिसे जनसंपर्क विभाग द्वारा बखुबी सुसज्जित तरिके से लगाया गया है। स्टॉल में जनसम्पर्क विभाग ने वर्तमान सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, बजट घोषणाओं और गत वर्ष में हुई उपलब्धियों को चित्रों एवं आंकड़ो के जरिये दर्शाते हुए कई फलैक्स, बोर्ड, बैनर आदि लगाए है। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा स्टॉल में सरकार की योजनाओं के प्रचार एवं प्रसार के लिए विभिन्न साहित्यक सामग्री जैसे की जिला विकास पुस्तिका, विकास के रंग पुस्तक, एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष पुस्तक एवं बुकलेट, सुजस पत्रिका, अनेको किसम की पुस्तके, ब्रोचर, लीफ लेट व अन्य प्रकार के साहित्य को प्रदर्शित किया गया है। जनसम्पर्क विभाग द्वारा यह साहित्यिक सामग्री प्रदर्शनी को देखने आए सभी नागरिकों को निःशुल्क वितरित की जा रही है।जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. मनीष जैन ने बताया कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाते हुए लगाए गए बोर्ड और प्रचार साहित्य वितरित करने से आमजन को एक केन्द्रित ढ़ग से सरकार की सफलताओं और योजनाओं की जानकारी प्राप्त होती है ।

# फतह विजनरी विस्टा में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन,400 मॉडल किए प्रदर्शित



**फतहनगर (पुकार) ।** फतह एकेडमी में शनिवार को ओपन एग्जिबिशन फ्तह विजनरी विस्टा का आयोजन किया गया। एग्जीबिशन में विद्यार्थियों ने कला, वाणिज्य, विज्ञान, गणित, हिंदी, सामान्यज्ञान, कंप्यूटर, संस्कृत,पर्यावरण अध्ययन एवं क्राफ्ट संबंधित मॉडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्था निदेशक अजय जैन ने बताया कि विषय अध्यापकों के निर्देशन में लगभग 700 विद्यार्थियों ने इस एग्जीबिशन में भाग लिया। 400 के लगभग मॉडल प्रदर्शित किए गए। एग्जीबिशन में विज्ञान मॉडल्स में वर्ल्ड स्पेस प्रोग्राम, न्यूक्लियर एनर्जी, हेमो डायलिसिस, सस्टेनेबल डेवलेपमेंट, मैजिक ऑफ साइंस, वाटर साइकिल, वाटर डैम, पवन चक्की आदि कई मॉडल प्रदर्शित किए। गणितीय मॉडल्स में बच्चों ने ट्रिग्नोमेट्री रेशियों , डिवाइडिंग मशीन,पाइथागोरस थ्योरम, सर्किल थ्योरम मॉडल, मैथ्स पार्क, शेप्स आदि कई मॉडल प्रदर्शित किए। आर्ट एंड क्राफ्ट में बच्चों ने मुरल आर्ट, लिप्पन आर्ट, फ्ड चित्रकारी का बहुत ही सुंदर प्रदर्शन किया। वेदिक वाईब्स में विद्यार्थियों ने युग यात्रा, प्रेम मंदिर, राम मंदिर आदि के मॉडल्स द्वारा देश की धार्मिक विरासत पर प्रकाश डाला।वाणिज्य क्षेत्र में बच्चों ने इंश्योरेंस, स्टॉक मार्केट, आरबीआई के फंक्शन को मॉडल को प्रोजेक्ट के माध्यम से समझाया। हिंदी मॉडल्स संज्ञा, संधि, विशेषण, लिंग, काल आदि को भी बच्चों ने बहुत ही सरल एवं प्रभावी ढंग से मॉडल द्वारा प्रदर्शित किया। विद्यालय के नन्हे वैज्ञानिकों ने फ्यूचर क्रिएटर्स जोन के अंतर्गत कम्युनिटी हेल्पर, सीजंस ट्रैफिक चिन्ह आदि पर प्रोजेक्ट द्वारा प्रकाश डाला। एग्जीबिशन में निर्णायक की भूमिका अंतिम शर्मा, उन्नति पालीवाल, अभिषेक भंडारी, गगन सामोता, आयुष जैन, बाबू हुसैन, विनय जैन,सुनीता मीणा,मधुबाला सुथार, सरिता राठौर, मिली श्रीवास्तव, टिशा जैन आदि ने निभाई। मनीषा भाटी, सोनल भट्ट,मोनिका सुहालका, अनीता दाधीच, गणेश कुमावत, नीतू रावल, खुशबू मीणा, पूर्वा गोयल, रेखा पालीवाल,रेखा सालवी विद्यालय की तरफ से निर्णायक की भूमिका में थे।

**भादसौडा थाना पुलिस व जिला विशेष शाखा टीम की संयुक्त कार्यवाही**

## 5 किलो 370 ग्राम अवैध अफीम व एक कार जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**चित्तौड़गढ़।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध भादसोड़ा थाना पुलिस व जिला विशेष शाखा टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक कार से 05 किलो 370 ग्राम अवैध अफीम जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ कार्यवाही करने के जिला पुलिस व डीएसटी टीम को निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जिला विशेष शाखा टीम द्वारा दी गई सूचना अनुसार एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन व डीएसपी भदेसर अनिल शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस थाना भादसौडा द्वारा गस्त के दौरान भादसौडा चौराया पर आयी संदिग्ध स्वीफट कार को रूकवाने का प्रयास करने पर कार के चालक द्वारा गाडी को नही रोक भादसौड़ा चौराया से शनिमहाराज रोड भादसोड़ा थाने की तरफ भगा कर गया। जिसका भादसौडा पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुये पिछा किया। उक्त संदिग्ध कार का चालक व उसका साथी कार को भगाकर पुलिस थाना भादसौडा से 100 मीटर की दूरी पर गाडी को रोड साईड में झाडियो मे खड़ी कर भागने का प्रयास करने लगे, तभी पुलिस जाब्ता द्वारा घेरा देकर डिटेन किया। उक्त कार व उसके चालक व साथी के पास कोई अवैध मादक पदार्थ होने का संदेह होने से थानाधिकारी शम्भुपुरा ठाकराराम उप निरीक्षक ने मौके पर पहुंच कार की तलाशी ली गई तो कार की डिग्गी के अन्दर स्टेपनी रखने की जगह पर एक बैग में छुपाकर रखी अफीम मिली जिसका मौके पर वजन किया तो अफीम का वजन 05 किलो 370 ग्राम हुआ। उक्त अफीम व कार को जब्त कर कार चालक प्रहलाद पुत्र भैरूलाल जाट निवासी बागुण्ड थाना भादसोडा जिला चितौडगढ व प्रभुलाल पुत्र रामेश्वर लाल जाट निवासी गुढा थाना भादसोडा जिला चितौडगढ को गिरफतार किये गये।

# श्री नाकोड़ा पार्श्व पूर्णिमा मण्डल द्वारा आयोजित 'भव्य श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव भक्ति' के निमित्त पत्रिका का विधायक कृपलानी ने किया विमोचन



**निम्बाहेड़ा (पुकार) ।** श्री नाकोड़ा पार्श्व पुर्णिमा मण्डल निम्बाहेड़ा द्वारा 4 जनवरी 2025 को स्थानीय कृषि उपज मंडी में भव्य पार्श्व भैरव भक्ति का आयोजन किया जा रहा है। इसके निमित्त आमंत्रण पत्रिका का पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने विमोचन किया गया। उक्त जानकारी देते आयोजकों ने बताया कि 4 जनवरी 2025 को स्थानीय कृषि उपज मंडी में आयोजित भव्य भैरव भक्ति के अंतर्गत दोपहर 12.39 बजे होलिथड़ा स्थित पुराने जैन मंदिर से भव्य वरघोड़ा निकाला जाएगा, जो नगर के प्रमुख बाजारों से होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंच कर सम्पन्न होगा। ततपश्चात शाम को 7 बजे से भव्य श्री पार्श्व भैरव भक्ति आयोजित होगी, जिसमें बालोतरा से प्रसिद्ध भजन गायक वैभव बाघमार एवं सिरोही से भजन गायिका नीता नायक अपनी मधुर आवाज में भजनों के माध्यम से श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव को रिझाएंगे।श्री नाकोड़ा पार्श्व पूर्णिमा मण्डल के सदस्यों ने प्रथम आमंत्रण पत्रिका मेवानगर में विराजित श्री पार्श्वनाथ नाकोड़ा भैरव दादा के नाम लिखी गई, ततपश्चात पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी, पूर्व विधायक अशोक नवलखा एवं भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी से भेंट कर कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी तथा पत्रिका का विमोचन करवाया।इस अवसर पर श्री नाकोड़ा पार्श्व पूर्णिमा मण्डल के गजेंद्र नवलखा, महावीर पामेचा, नीलेश मेहता, बलवंत बंब, जिनेन्द्र पितलिया, खुशाल छाजेड, सुनिल संघवी, अभिषेक वडारा, कमलेश वडारा, नितिन सेठिया, आशीष बोडाणा, कमलेश दुग्गड, मनोज मेहता, राहुल भंडारी, जीतू डागा, अभय लोढ़ा, कपिल चौधरी, वैभव अब्भाणी, हर्षद बोड़ाणा, प्रियेश डुंगरवाल, आशीष नागोरी, श्रेयांश पालेचा, अक्षय मारू, पीयूष मोदी, हर्षद छाजेड, अमित लोढ़ा, महावीर चपलोत, दीक्षित जैन, आवेश नाहर, निखिल संचेती आदि सदस्य उपस्थित थे।

## राज्य में महिला सम्मेलन, जिले में राजीविका एवं अन्य योजनाओं में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली महिलाएं हुई सम्मानित

**प्रतापगढ़ (पुकार) ।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी श्रृंखला में शनिवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि श्री नारायण सिंह प्रबंध निदेशक, राजफैड, राजस्थान सरकार रहे। उदयपुर में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में हुआ, इस कार्यक्रम को प्रदेश के प्रत्येक जिले से वीसी के माध्यम से जोड़ा गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री के संबोधन से पहले प्रतापगढ़ के जिला स्तरीय आयोजन में माही गर्ल्स स्कूल, आदर्श बीएएड कॉलेज, मयूर इंटरनेशनल स्कूल, सेन्ट्रल हाईट स्कूल, आदर्श बगवास स्कूल व शालोम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, कार्यक्रम में नन्ही बालिका मनुश्री वैष्णव द्वारा ''नन्हा-मुना राही हूं'' गीत पर आकर्षक प्रस्तुती दी गई, जिसने सभी मौजूदजन का मन मोह लिया, इस प्रस्तुती की जिला कलक्टर द्वारा प्रशंसा की गई। इस जिला स्तरीय महिला सम्मेलन में जिले की 7 लखपति दीदी, स्वयं सहायता समूह रिवाल्विंग फण्ड की तीन महिलाओं, महिला निधि के अन्तर्गत 7 महिलाओं, नव चयनित ड्रोन दीदी कार्यक्रम की महिलाओं व लाडो प्रोत्साहन योजना की 4 महिलाओं को सम्मानित किया गया। आयोजन में आत्मरक्षा कार्यक्रम का आरंभ भी किया गया। समारोह में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली 6 कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया, जिला पुलिस अधीक्षक विनित कुमार बंसल, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनदान देथा, जिला रसद अधिकारी विनय कुमार शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक डॉ. टी.आर. आमेटा, महिला अधिकारिता नेहा माथूर, जिला स्तरीय अधिकारी व महिला साथिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, राजीविका समूह की महिलाए आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन कुशलतापूर्वक श्री आमेटा, शिक्षक सुरेन्द्र सुमन व अध्यापिका निलम कटलाना ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मन के गुलाम नहीं बल्कि मालिक बनो : मुनि अतुल

**राजसमंद (पुकार)।** मुनि रविंद्र कुमार एवं मुनि अतुल कुमार के सानिध्य में आध्यात्मिक प्रवचन हुए। मुनि अतुल कुमार ने कहा किमन के गुलाम नहीं बल्कि मालिक बनो। विश्व का असीम पुस्तकालय आपके मन में ही विद्यमान है। मन की एकाग्रता में सारा ज्ञान छिपा है। यदि मन नियंत्रण से बाहर हो तो गुफा के अंदर भी रहने का कोई फायदा नहीं क्योंकि वो सारा उत्पात वहां भी मचा देगा जो गुफा के बाहर मचाता है। मन को साधना और वश में करना अत्यंत कठिन है नामुमकिन नहीं। कमियां सबमें होती हैं पर कामयाबी हर कमी को छुपा देती है। मुनि ने कहा मन की ताकत ध्यान करने से और शरीर की ताकत योगा-प्राणायाम करने से बढ़ती है। मुनि रविंद्र कुमार ने मंगल पाठ सुनाया।



### राजसमन्द बाई नहर जल उपभोक्ता किसान समिति की बैठक आज

**राजसमंद (पुकार)।** सिंचाई विभाग की ओर से राजसमन्द बाई नहर जल उपभोक्ता किसान समिति की बैठक भावा देवरे पर रविवार को दोपहर 2:30 बजे आयोजित होगी। विभाग ने माइनर नंबर 1 से 6 और पीपली डिस्ट्रीब्यूटर से सिंचाई करने वाले गांव के किसानों को कहा कि कौर पाण के लिए पानी लेने की आवश्यकता, नहर, माइनर, धोरे की साफ-सफाई, टूट-फूट सहित आवश्यक विषयों पर चर्चा के लिए इन गांवों के किसान प्रतिनिधि समय से सम्मिलित रहें। ताकि वे अपने क्षेत्र से संबंधित जानकारी रख सकें। जिनको समिति से किसानों की लिस्ट के सूचना दी गई वो ओल्डे की लिस्ट साथ लेकर आएं।

### पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ ने नियमितीकरण की मांग को लेकर डीप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

**राजसमंद(पुकार)।** राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के राजसमंद प्रवास के दौरान राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ के जिलाध्यक्ष राकेश पालीवाल के नेतृत्व में नियमितीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ प्रवक्ता दिनेशचंद्र पारीक ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के भाजपा कार्यालय पहुंचने पर राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का स्वागत करते हुए अपनी मांग से अवगत करवाया। साथ ही उपमुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि संविदा सेवा नियम 2022 के तहत शिक्षा विभाग में कार्यरत पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायकों का भी संविदा सेवा नियम 2022 के अनुसार नवीन स्थाई पदों का सृजन कर अन्य संविदा कार्मिकों के नियमितीकरण की प्रक्रिया के साथ ही कार्य योजना में सम्मिलित करते हुए अनुभव शिथिलन अवधि को वर्ष 2025-26 तक अभिवृद्धि करते हुए नियमितीकरण किया जाएं। संविदा सेवा नियम 2022 में अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान जोड़ते हुए मांग की की संविदा सेवा नियम 2022 में सम्मिलित होने के बाद जिन पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायकों की मृत्यु हुई है उनके आश्रित परिवार जन को अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग के साथ ही मृतक आश्रित को सरकारी कर्मचारियों के अनुरूप समस्त परिलाभ देने की मांग की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश पालीवाल, दिनेशचंद्र पारीक, दिलीप चंदेल, निर्मल पालीवाल, लियाकत हुसैन, मदन गुर्जर, कपिल पालीवाल, भोलीराम सालवी, संजय, लोकेंद्रसिंह, कन्हैयालाल जाट, रविंद्रसिंह, जयपाल सिंह, जगन्नाथ पूर्बिया, लक्ष्मीलाल कुमावत, राजेश वैष्णव, कपिल दाधीच सहित पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायकों ने उपमुख्यमंत्री से शीघ्र समाधान की मांग की।

### पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने तारा पगारिया को किया सम्मानित

**राजसमंद (पुकार)।** महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के गोल्डन जुबली अवसर पर महावीर इंटरनेशनल फेलो मेंबर वीरा तारा पगारिया को पूर्व राष्ट्रपति



रामनाथ कोविंद और अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन ने मानेक शाह ऑटोडोरियम दिल्ली में सम्मानित किया। इस अवसर पर त्रिशला अध्यक्ष वीरा सबर चोरड़िया, सचिव मधु शोभावत सहित अन्य वीराओं ने ऊपरणा, शॉल और सम्मानित पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

### राजसमंद के नन्दिनी सिंह व निखिल सिंह करेंगे राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का नेतृत्व

**राजसमंद (पुकार)।** अंडर-17 छात्रा वर्ग में राइफल शूटिंग में लक्ष्मीपथ सिंघनिया स्कूल की छात्रा नन्दिनीसिंह चौहान ओर आलोक स्कूल के छात्र निखिलसिंह कडेचा का अंडर-17 छात्र वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। राइफल शूटिंग कोच प्रशिक्षक विक्रमसिंह चौहान ने बताया कि 19 दिसंबर से इंदौर मध्यप्रदेश में होने वाली 68वीं राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में पहले राज्य स्तर पर अजमेर में ओर अभी बीकानेर में हुई ट्रॉयल में टॉप थ्री में राजसमन्द से इन दोनों का चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर दोनो खिलाड़ियों जिलेवासियों ने हर्ष व्यक्त किया हैं।



# महिला सम्मेलन : राज्य सरकार ने दी सौगातें, मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना का शुभारंभ

- विभिन्न सौगातों से महिलाओं को बेहतर भविष्य होगा सुनिश्चित
- अणुव्रत विश्वभारती सभागार में आयोजित हुआ जिला स्तरीय महिला सम्मेलन






**राजसमंद (पुकार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनकल्याणकारी राजस्थान सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रमों का दौर जारी है। इसी कड़ी में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन अणुव्रत विश्वभारती सभागार में शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड़, राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंधक निदेशक आईएएस राजेन्द्र कुमार वर्मा, जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसीईओ सुमन अजमेरा, सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उदयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का सीधा प्रसारण किया गया जिसे जिले की महिलाओं ने देखा। राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में दूध वितरण के लिए मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5-5 आंगनबाड़ी केंद्र, प्रत्येक ब्लॉक में एक आंगनबाड़ी को आदर्श आंगनबाड़ी बनाने, 45 लाख स्वयं सहायता समूहों के लिए राज सखी पोर्टल, 10 हजार इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम का वितरण, आरएसआरटीसी का सुरक्षा कमाण्ड सेंटर एवं बसों में पैनिक बटन महिलाओं को 2437 पुलिस सहायता के लिए एप, राज सखी राष्ट्रीय मेला 2024 आदि का शुभारंभ किया गया। राज्यभर में 13.42 लाख महिलाओं को रसोई गैस सिलेंडर के लिए 48 करोड़ रुपयेए लाडो प्रोत्साहन योजना में 1 लाख लाभार्थियों में प्रत्येक को प्रथम किस्त की 2500 रुपये, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में 70 हजार महिलाओं में प्रत्येक को 1500 रुपये, 10 हजार स्वयं सहायता समूहों को 15 करोड़ रुपये हस्तांतरित हुए। एक लाख नवीन लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पहले कहा जाता था कि हर सफल पुरुष के पीछे महिला होती है। अब कहा जाना चाहिए कि हर सफल व्यक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली महिला शक्ति होती है। उन्होंने कहा कि जहां नारियों का सम्मान होता है वहां हमेशा देवताओं का निवास होता है।

**महिलाओं के कौशल की नई उड़ान है ड्रोन दीदी योजना : विधायक माहेश्वरी**

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि ड्रोन दीदी योजना नारी शक्ति में एक नया हौसला और उमंग भरने का कार्य करेगा। इस योजना से मातृशक्ति स्वावलंबी होकर अपने परिवार की आय बढ़ाने में कंधे से कंधा मिला सकेंगी। विधायक दीप्ति ने कहा कि ड्रोन दीदी योजना का लक्ष्य 2024-25 से 2025-26 के दौरान चयनित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ड्रोन उपलब्ध कराने का है जो किराये पर किसानों को कृषि के लिए ड्रोन सेवाएं उपलब्ध कराएंगी। ड्रोन के माध्यम से खेतों में तरल उर्वरकों और कीटनाशकों का छिड़काव किया जाएगा। माना जा रहा है कि योजना से स्वयं सहायता समूहों को स्थायी व्यवसाय और आजीविका मिलेगी। कृषि विभाग के महत्वाकांक्षी योजना ड्रोन दीदी योजना द्वारा किसानों की पैदावार बढ़ेगी, लागत में कमी आएगी। साथ ही वे अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। कृषि में इस नवीनतम प्रयोग से किसानों की दक्षता और पैदावार बढ़ेगी। लागत में कमी आएगी। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने हितधारकों से नमो ड्रोन दीदी योजना के शीघ्र क्रियान्वयन का आग्रह किया है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि एक दिन में ड्रोन आसानी से 20 एकड़ खेत में छिड़काव कर सकता है। ड्रोन उड़ाने वाली दीदियों को 15 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें एक वर्ष का बीमा, दो वर्ष के रखरखाव का अनुबंध एवं जीएसटी के पैसे भी दिए जाएंगे। समूह की एक अन्य सदस्य को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें फसल पोषक तत्व एवं कीटनाशक प्रयोग की अतिरिक्त ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

## लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शिविर पहुँचे एवं शिविर में प्रशिक्षुओ से वन टू वन चर्चा की एवं बिताये 7 घण्टे

**राजसमंद (पुकार)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रशिक्षण प्रमुख सचिन राव ने त्रैमासिक नेतृत्व संगम प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें जिला कांग्रेस प्रवक्ता कुलदीप शर्मा सहित 12 नेताओ ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया गया। शर्मा ने बताया कि नेतृत्व संगम में सर्वोदय, संविधान, धर्म, जाती, संगठन सहित विभिन्न मुख्य मुद्दों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से सामूहिक चर्चा और जानकारी दी गई। नेतृत्व संगम में 17 राज्यो के 45 नेताओ ने भाग लिया। साथ ही त्रैमासिक शिविर तीन बैठक में संपन्न हुआ। जिसमें पहला शिविर कर्नाटक के बेलगाम (घटप्रभा) एवं दूसरा शिविर महाराष्ट्र के वर्धा (सेवाग्राम) एवं तीसरी बैठक राजस्थान के जयपुर (समोद) में संपन्न हुई। शर्मा ने बताया कि नेतृत्व संगम में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पहुँच कर विभिन्न राजनीतिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। राहुल गांधी के साथ नेतृत्व संगम में 7 घंटे की मुलाकात के साथ नेतृत्त्व संगम एक असाधारण अनुभव लेकर आया। उन्हें राहुल गांधी से मिलने का अवसर मिला, जिन्होंने न केवल अपने अमूल्य अनुभव साझा किए बल्कि नेतृत्व और राजनीति पर गहरे दृष्टिकोण से मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम का एक विशेष और अनूठा हिस्सा तब था जब राहुल गांधी ने जुजुत्सु (एक प्रकार की मार्शल आर्ट) का प्रदर्शन किया।



## सेल्फ केयर फॉर न्यू मॉम्स एंड किड्स अंडर 5 प्रोजेक्ट के तहत कैरोट प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती कैरोट प्राथमिक विद्यालय में रेकिट डेटॉल और प्लान इंडिया के संयुक्त कार्यक्रम सेल्फ केयर फॉर न्यू मॉम्स एंड किड्स अंडर 5 के तहत शनिवार को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर विशेष नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान विनोद आचार्य ने की। इस कार्यक्रम में बच्चों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए पपेट शो, नुक्कड़ नाटक और विभिन्न खेलों के माध्यम से शिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में हैंडवॉश, ओआरएस और निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) के प्रबंधन का प्रदर्शन किया गया। जिससे बच्चों को स्वच्छता के महत्व और स्वास्थ्य देखभाल की बुनियादी जानकारी दी गई। पपेट शो और खेलों ने बच्चों को शिक्षा को मनोरंजक तरीके से समझने में मदद की। इस दौरान प्लान इंडिया के ब्लॉक ऑफिसर राहुल शाकद्वीपीय, सीएचडब्ल्यू रोहित पालीवाल, सहायक राहुल ढिंडोरिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चंद्र कुंवर, आशा सहयोगिनी आशा छापरवाल और गावनियार नुक्कड़ नाटक टीम के माने खान, अनवर खान और नारायणलाल, शिक्षक उमाशंकर पालीवाल, संतोष कुमावत, कविता दाधीच, लीना नाहर, अजीत कुमार सहित विद्यार्थी मौजूद थे। धन्यवाद संस्था प्रधान विनोद आचार्य ने ज्ञापित किया।



## राजस्थान देश और दुनिया में पर्यटन के क्षेत्र में उभर रहा है : उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

- भाजपा सक्रिय सदस्यता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन






**राजसमंद(पुकार)।** भाजपा जिला कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता अभिनंदन कार्यक्रम शनिवार को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के सानिध्य में हुआ। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों से मिलकर ऐसा लग रहा है कि मैं आज भी राजसमन्द में ही हूं। मेरे 5 वर्ष के कार्यकाल में आप लोगों से बहुत कुछ सीखा है और आप लोगों के द्वारा ही हम राजस्थान में सरकार बना पाए हैं। इस लोकसभा चुनाव में इस बार आप लोगों के कारण राजसमन्द लोकसभा सबसे अधिक मतों से विजयी हुई। अब आप सभी ने आपकी जिम्मेदारी निभाई है तो अब हमारी जिम्मेदारी बनती है कि प्रदेश में विकास किया जाए और आप सभी ने 1 वर्ष के सरकार के कार्यकाल में कितना काम हो रहा है आप सभी ने देखा ही है। इसका एक उदाहरण राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं जो बड़ी बात है। हमारी भी यह जिम्मेदारी बनती है कि जो कार्य सरकार प्रदेश में कर रही है, देश में मोदी कर रहे हैं उन सभी कार्यो को हम जनता के बीच लेकर जाएं। अभी प्रदेश की सरकार प्रत्येक क्षेत्र में विकास को लेकर अग्रसर है आने वाले समय में आपको राजस्थान देश में अग्रणी स्थान पर दिखेगा। जिला संगठन प्रभारी वीरेंद्रसिंह चौहान ने कहा कि आज तक मेरा राजसमन्द जिला में भाजपा संगठन के लिए 412 दिनों का संगठन प्रवास रहा है और इन प्रवास के दौरान मुझे राजसमन्द की जनता ने जो प्यार दिया है उसको मैं कभी भी भूल नहीं सकता। यह जिला प्रदेश में संगठन की दृष्टि से हमेशा अग्रणी रहा है। आज का जो यह कार्यक्रम है जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ व संगठन के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित सक्रिय सदस्यता अभिनंदन कार्यक्रम प्रदेश का पहला कार्यक्रम है। इस दौरान विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड़, दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, गजपालसिंह राठौड़, पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल शर्मा, नंदलाल जोशी, वीरेंद्र पुरोहित, गोपाल कृष्ण पालीवाल, नर्बदा शंकर पालीवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मिशन नींव संस्थान ने जरूरतमंद छात्रों को स्वेटर बांटे

**राजसमंद(पुकार)।** मिशन नींव सेवा संस्थान रतना का गुड़ा के मानव सेवा प्रकल्प अंतर्गत विगत कई वर्षों से स्वेटर, चरण पादुका, पाठ्य सामग्री एवं खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। जिले के वैष्णव गणेशदास लक्ष्मणदास विद्या भवन राउमावि बोरज में उप प्राचार्य नारायण सिंह राव के सानिध्य में जरूरतमंद छात्रों को सर्दी के बचाव के लिए ऊनी स्वेटर वितरित किए गए। मिशन नींव सेवा संस्थान के संस्थापक डॉ कवि जसवंतलाल खटीक ने कहा कि मानव के मन में प्रसन्नता लाना और सामर्थ्य अनुसार वांछित व्यक्ति तक कुछ सेवा कर सकूं तो यह मेरा सौभाग्य होगा। इस दौरान अध्यक्ष प्रहलादसिंह सोलंकी ने बताया कि विद्यार्थियों की सेवा करना और उनकी जरूरत को पूरा करने का मिशन नींव का लक्ष्य हैं। इस दौरान शिक्षक कैलाश कुमार कंसारा, महेंद्रसिंह राजपूत, रघुनंदन सिंह आशिया, अनिता चौधरी, रेखा कुमारी खटीक, विकास कुमार, हिंगलाज दान चारण, राकेश कुमार सेन, राजेश वैष्णव, हेमलता मीणा, ललिता कुमावत, विकास कुमार सहित विद्यार्थी उपस्थित थे। आभार संस्था प्रधान नारायण सिंह राव ने ज्ञापित किया।



## राज्य में सड़कों की गुणवत्ता को लेकर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी गंभीर

- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नाथद्वारा में किया सड़कों का औचक निरीक्षण
- लापरवाही पर जेईएन और एईएन को एपीओ करने
- एक्सईएन के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश
- निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की कोताही स्वीकार्य नहीं : उपमुख्यमंत्री





**राजसमंद (पुकार)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी राज्य में सड़कों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर हैं और निरंतर यह सुनिश्चित कर रही हैं कि निर्माण कार्यों में लापरवाही न हो। उपमुख्यमंत्री शुक्रवार को नाथद्वारा पहुंची थी और शनिवार को उदयपुर में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में भाग लेने से पूर्व उन्होंने सड़कों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड़, एसडीएम रक्षा पारीक, पीडब्ल्यूडी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक कुमार शर्मा, अधीक्षण अभियंता मगनीराम रैगर आदि मौजूद रहे। डीप्टी सीएम दिया कुमारी नाथद्वारा उपखंड क्षेत्र के गुंजोल-कुंचोली मार्ग पहुंची। यहां उन्होंने सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही पाए जाने और काम गुणवत्ता से नहीं होने पर कड़क नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई। इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक शर्मा को उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि संवेदक पर कार्रवाई अमल में लाई जाए, जरूरी हो तो ब्लैकलिस्ट करें। उपमुख्यमंत्री ने राबाउमावि कुंचौली के सामने मौके पर ही उदयपुर एक्सईएन क्वालिटी कंट्रोल कार्यालय की क्वालिटी चेकिंग मशीन मंगवाई और सड़क की गुणवत्ता जांची। सड़क निर्माण में खामियाँ मिलने के कारण सार्वजनिक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता जितेश व्यास और सहायक अभियंता नमित मिश्रा को एपीओ करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिशासी अभियन्ता भानुप्रकाश माथुर को 17 सीसी के नोटिस देने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सड़कों और अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर पूरी गंभीर है, निर्माण कार्यों में लापरवाही किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है। यह अधिकारियों का दायित्व है कि निर्माण कार्यों का निरंतर निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी कम गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो। निरीक्षण के दौरान का स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे जिन्होंने निर्माण कार्यों के संबंध में समस्याएं उपमुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की। इस दौरान कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड़, महेशप्रतापसिंह चौहान, मदनसिंह चौहान, माधव चौधरी, कैलाश चौधरी, अशोक रांका, प्रदीप काबरा, हरदयालसिंह, संदीप श्रीमाली सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

**श्रीनाथजी के ग्वाल दर्शन कर लिया आशीर्वाद**

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निरीक्षण से पहले नाथद्वारा में प्रभु श्रीनाथजी के मंदिर में सुबह 9:15 बजे ग्वाल झांकी के दर्शन किए। इसके बाद उनका तिलकायत पुत्र गोस्वामी विशाल बावा ने समाधान पद्धति से स्वागत किया। स्वागत के बाद विभिन्न विषयों पर उपमुख्यमंत्री और बावा के मध्य चर्चा हुई।

## मेवाड़ की महिला सरपंच प्यारी कुमारी चौहान की गौरव गाथा का नई दिल्ली में बखान

- नई दिल्ली में क्वालिटी काउंसिल आफ इंडिया का सरपंच संवाद कार्यक्रम आयोजित
- देश भर की 35 महिलाओं का हुआ चयन



**राजसमंद (पुकार)।** ट्रांसफॉर्मिंग इंडियाज विलेज इन क्वालिटी विलेज की थीम पर इंडिया के बेस्ट सरपंच की दो दिवसीय सेमिनार नई दिल्ली के इंटरनेशनल यूथ सेंटर में मण्डावर सरपंच प्यारी कुमारी चौहान ने भाग लिया। मण्डावर सरपंच प्यारी कुमारी चौहान के ग्राम पंचायत मण्डावर में विकास कार्यों, पंचायती राज में योगदान, बेस्ट वूमन लीडरशिप के लिए क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया व सरपंच संवाद टीम की ओर से बेस्ट सरपंच के रूप में सम्मानित भी किया गया। चौहान ने दिल्ली में मिले इस सम्मान को मण्डावर ग्राम पंचायत के सभी 5 हजार नागरिकों को समर्पित किया। इसमें भारत भर के 35 से अधिक बेस्ट वुमन सरपंच ने क्वालिटी के अनुरूप लीडरशिप प्रोत्साहन के तहत यह खास आयोजन क्षमता निर्माण, परिवर्तनकर्ताओं का सम्मेलन व सकारात्मक बदलाव को लेकर किया गया। कार्यक्रम में मण्डावर सरपंच प्यारी कुमारी चौहान ने दो कार्यकाल के दस वर्षों में किए गए विकास कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन, श्रमिक कार्ड योजना, मनरेगा में नवाचार, निम्बू अभियान, शिक्षा क्रांति अभियान जैसे मुद्दों को प्रमुखता से रखा। सरपंच संवाद कार्यक्रम में अमेरिका से नौकरी छोड़ सरपंच बनी भाजयुमो राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व उत्तर प्रदेश की सह प्रभारी भक्ति शर्मा भोपाल, पुंसरी पूर्व सरपंच हिमांशु पटेल गुजरात, बीबीपुर पूर्व सरपंच सुनील जगलान हरियाणा, ट्विंकल कुमारी, लवीना गारोलिया, पौसाली सरकार, हेमा ने पंचायती राज के कार्यकलाप महिला हितैषी पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, निजी आय संवर्धन, विकास के लिए फंडिंग व्यवस्था, एक्सन प्लान, निर्माण, सोशल मीडिया प्रयोग, चुनौतियों का सामना, पॉलिटिकल कम्पीटिशन पर अपनी वार्ताएं पेश की।

**राजस्थान की टॉप एजुकेटेड सरपंचों में है नाम**

प्यारी कुमारी चौहान तीन विषय पॉलिटिकल साइंस हिंदी तथा सोशियोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएट हैं। बीएड प्रशिक्षित हैं। एलएलबी भी कर रखी है।

**प्यारी कुमारी चौहान को मिल चुके हैं कई सम्मान**

मण्डावर सरपंच प्यारी कुमारी चौहान के पंचायती राज में अमूल्य योगदान एवं वूमन लीडरशिप को लेकर अब तक राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय राजस्थान राज्य महिला आयोग द्वारा बेस्ट सरपंच सम्मान, स्वच्छ भारत मिशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चयन, राजस्थान गौरव रत्न अवॉर्ड, चेंजमेकर ऑफ द ईयर अवार्ड, मिस यूनिवर्स अवार्ड, ग्रेट अचीवर्स अवार्ड, यूथ आइकॉन अवार्ड, वूमेन लीडरशिप अवार्ड, इंडियन स्कूल ऑफ डेमोक्रेसी अवार्ड, क्षत्रिय रावत परिषद अवार्ड, देव जागरण अवार्ड, महिला सुरक्षा अवार्ड, अल्ट्राटेक यशस्वी सरपंच सम्मान, डीबी वूमेन अवार्ड, थ्रीपी जिला प्रशासन अवार्ड, आपणो ग्रामीण राजस्थान अवार्ड, विश्व संवाद परिषद अवार्ड, शी रिप्रेजेंट 2024 अवार्ड, मुख्यमंत्री स्वच्छता पुरस्कार, वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ यूनिवर्स अवार्ड, मगरा लाडली अवार्ड, आयरन लेडी ऑफ मगरा, उजियारी पंचायत सम्मान, इंस्प्रेशनल वुमन अवार्ड, वूमेन असेंबली अवार्ड, पॉपुलर वुमन का यूनिवर्स अवार्ड, वीमेन ऑफ सब्सटेंस अवार्ड, मुंबई मित्र मंडल सम्मान, भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ सम्मान जैसे तीन दर्जन से अधिक सरकारी एवं गैर सरकारी सम्मान से नवाजा जा चुका है।

**निम्न पदों का है दायित्व**

मंडावर सरपंच प्यारी कुमारी चौहान 2015 से लगातार दूसरी बार सरपंच हैं तथा सरपंच संघ में ब्लॉक उपाध्यक्ष, ब्लॉक प्रवक्ता, जिला प्रवक्ता, जिला कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रही हैं।

# शादी के 12 साल बाद बेटी की मां बनीं राधिका आप्टे



एक्ट्रेस राधिका आप्टे बेटी की मां बन गई हैं. अभिनेत्री ने अपनी लेटेस्ट तस्वीर शेयर नेटिज़न्स को ये खुशखबरी दी है. एक्ट्रेस ने अपने पति बेनेडिक्ट टेलर के साथ अपनी नन्ही प्रिंसेस का वेलकम किया है. इसी के साथ राधिका ने ये भी बताया कि अपने बच्चे के जन्म के एक हफ्ते बाद ही उन्होंने काम फिर से शुरू कर दिया है. एक्ट्रेस तस्वीर में अपने बेबी को ब्रेस्टफीड कराती नजर आ रही हैं.राधिका ने अपनी लाइफ के इस नए चैप्टर की शुरुआत को अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो के साथ शेयर किया है. तस्वीर में एक्ट्रेस लैपटॉप के सामने बैठी नजर आ रही हैं और उनकी गोदी में उनकी नन्ही की प्रिंसेस है जिसे वे ब्रेस्ट फीड कराती हुई नजर आ रही हैं. राधिका ने इस प्यापी तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, 卐जन्म के बाद अपने एक हफ्ते के बच्चे के साथ पहली वर्क मीटिंग. एक्ट्रेस ने ब्रेस्टफीडिंग, मदर एट वर्क, ए वैरी ब्यूटीफुल चैप्टर.इट्स ए गर्ल, गर्ल्स आर द बेस्ट जैसे हैशटैग भी यूज किए हैं. वही राधिका के मां बनने की खबर शेयर करने के बाद से फैंस और तमाम सेलेब्स उन्हें बधाई दे रहे हैं. एक्ट्रेस कोंकणा सेन शर्मा ने कमेंट बॉक्स में लिखा, बधाई हो माई लव, वेल डन. विजय वर्मा, दिव्येंदु शर्मा, मोना सिंह सहित तमाम सितारों ने भी एक्ट्रेस को मां बनने पर बधाई दी है.बता दें कि राधिका आप्टे ने साल 2012 में एक इंटीमेट फंक्शन में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड बेनेडिक्ट टेलर से शादी की थी. अभिनेत्री ने 2013 में ऑफिशियली तौर पर अपनी शादी की घोषणा की थी. वहीं शादी के 12 साल बाद एक्ट्रेस ने बेटी का वेलकम किया है।



# रकुल प्रीत ने मेघना गुलज़ार को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएँ दीं

लेखिका और निर्देशक मेघना गुलज़ार आज 51 साल की हो गई हैं। प्रशंसकों और मशहूर हस्तियों ने फ़िल्म निर्माता को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। इस अवसर पर, अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने फ़िल्म निर्माता को खुशहाल वर्ष की शुभकामनाएँ दीं और सैम बहादुर निर्देशक के लिए एक प्यारी जन्मदिन की शुभकामनाएँ लिखीं। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर दे दे प्यार दे अभिनेत्री ने लिखा, जन्मदिन की शुभकामनाएँ मेघना मैम! आपका यह ख़ास दिन आपके द्वारा बनाए गए पलों की तरह ही शानदार हो। आपको आने वाले साल की शुभकामनाएँ!रकुल प्रीत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर मेघना गुलज़ार की एक खूबसूरत तस्वीर साझा की, जिसमें वह नीली ड्रेस और मैचिंग चश्मा पहने नज़र आ रही थीं। मेघना गुलज़ार कवि और गीतकार गुलज़ार की बेटी हैं, जिन्होंने अपने करियर के दौरान कुछ व्यावसायिक और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फ़िल्मों का निर्देशन किया है, और इंडस्ट्री में अपने लिए एक अलग पहचान बनाई है। 2002 में निर्देशन की शुरुआत करने से पहले, उन्होंने माचिस और हु तू तू जैसी फ़िल्मों में सहायक निर्देशक के रूप में काम किया। पिछले कुछ सालों में रिलीज़ हुई राज़ी और तलवार जैसी फ़िल्मों के साथ, उन्होंने खुद को देश के सर्वश्रेष्ठ निर्देशकों में से एक के रूप में स्थापित किया है। मेघना गुलज़ार की आखिरी निर्देशित फ़िल्म सैम बहादुर थी। इसमें फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा, नीरा काबी, एडवर्ड सोनेंब्लिक और मोहम्मद जीशान अय्यूब के साथ विक्की कौशल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसे 2023 में रिलीज़ किया जाएगा।सेना में उनका करियर चार दशकों और पाँच युद्धों तक फैला रहा। वह फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत होने वाले पहले भारतीय सेना अधिकारी थे। मानेकशॉ, जिन्हें प्यार से सैम बहादुर कहा जाता था, ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना को जीत दिलाई, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण हुआ। अपने सैन्य करियर में, मानेकशॉ ने 1947 के भारत-पाक युद्ध और 1948 में हैदराबाद की मुक्ति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सैम बहादुर में विक्की ने राज़ी के बाद मेघना गुलाज़ार के साथ दूसरी बार काम किया।



# भूल भुलैया 4' के साथ अक्षय कुमार की हो सकती है वापसी

'भूल भुलैया' फ्रैंचाइज़ की नवीनतम किस्त बॉक्स ऑफ़िस पर ज़बरदस्त सफल साबित हुई। अनीस बज़्मी द्वारा निर्देशित, कार्तिक आर्यन की फ़िल्म ने 150 करोड़ के बजट के मुक़ाबले 400 करोड़ से ज़्यादा की कमाई की। 'भूल भुलैया 3' की सफ़लता और फ्रैंचाइज़ की अपार लोकप्रियता के बाद, प्रशंसकों को उम्मीद है कि चौथी किस्त बड़ी और बेहतर होगी। तीसरी फ़िल्म की रिलीज़ के बाद से ही 'भूल भुलैया 4' के साथ अक्षय कुमार की वापसी की अफ़वाहें उड़ रही हैं।.साथ अपनी हालिया बातचीत में, फ़िल्म निर्माता से पूछा गया कि क्या अक्षय चौथी फ़िल्म में कार्तिक के साथ वापसी कर सकते हैं। अनीस ने खुलासा किया कि वह इस विचार के लिए तैयार हैं और अगर स्क्रिप्ट अनुमति देती है तो वह ऐसा कर पाएँगे। दोस्ती, प्यार और हर चीज़ का एक बेहतरीन बंधन है। अगर कहानी फ़िट बैठती है, तो मुझे उन्हें वापस पाकर वाकई खुशी होगी।卐 अक्षय कुमार ने प्रियदर्शन के साथ फ्रैंचाइज़ की पहली फ़िल्म का नेतृत्व किया था। इसके बाद, कार्तिक आर्यन ने अनीस बज्मी के साथ निम्नलिखित फ़िल्मों का नेतृत्व किया। 'भूल भुलैया 4' कार्ड पर है। इसके अलावा, निर्माता ने अक्षय की वापसी की संभावना पर भी विचार किया। इंडिया टुडे के साथ पिछली बातचीत के दौरान, निर्माता ने इस बारे में बात की कि क्या कुमार और कियारा आडवाणी आगामी फिल्म में आर्यन के साथ शामिल हो सकते हैं। सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए, भूषण कुमार ने कहा, 卐हम देखेंगे। यह सब कहानी पर निर्भर करता है। सभी को एक साथ लाना तभी समझ में आता है जब कोई ठोस कहानी हो।卐 जब उनसे पूछा गया कि क्या यह संभव है, तो उन्होंने जवाब दिया, हाँ, जाहिर है।

# दिव्यांका त्रिपाठी ऐसे बनी टीवी की संस्कारी बहु





दर्शकों ने एक्ट्रेस को यादातर बहू के तौर पर पसंद किया है। दिव्यांका का जन्म 14 दिसंबर 1984 को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हुआ था। उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर ग्लैमर इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई है।दिव्यांका त्रिपाठी नॉन फिल्मी बैकग्राउंड से हैं। वह अपने स्कूल में एनसीसी कैडेट थीं। साथ ही एक्ट्रेस ने उत्तराखंड के नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग से माउंटेनियरिंग का कोर्स किया है। दिव्यांका बचपन से ही आर्मी ऑफिसर बनना चाहती थीं। इसके लिए उन्होंने भोपाल राइफल एकेडमी से राइफल शूटिंग की ट्रेनिंग भी ली है। इसमें एक्ट्रेस गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकी हैं।एक्ट्रेस रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में भी फैंस को अपना दम दिखा चुकी हैं। एक्ट्रेस ने साल 2003 में मिस भोपाल का खिताब जीता था। इसके बाद दिव्यांका साल 2004 में द जी सिने स्टार्स की खोज नाम के टैलेंट हंट शो की विनर बनीं। एक्ट्रेस आर्मी ऑफिसर तो नहीं बन पाईं लेकिन उनका करियर टीवी की तरफ बढ़ गया था। दिव्यांका त्रिपाठी ने टीवी इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत दूरदर्शन के सीरियल से की थी।आपको बता दें कि दिव्यांका त्रिपाठी ने 8 जुलाई 2016 को विवेक दहिया से शादी की थी। इन दिनों उनके पति विवेक दहिया झलक दिखला जा 11 में अपने डांस का हुनर ??दिखा रहे हैं।

अपनी एक्टिंग से लोगों को इंप्रेस कर चुकीं टीवी की इशि मां (ने इन दिनों वेडिंग प्रिपरेशन में बिजी हैं. एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर शादी के घर की झलक दिखाई और बताया कि उन्हें बहुत मजा आ रहा है. इंस्टाग्राम पर वीडियो और तस्वीरें शेयर कर दिव्यांका ने कैप्शन में लिखा, मिलना मिलाना, साथ तैयारियां करना, साथ खाना, घर की शादी मतलब हर पल आनंददायक.

### शादी की तैयारियों में बिजी एक्ट्रेस

शेयर की गई तस्वीरों में से एक में वह अपने परिवार के साथ पोज देती तो दूसरी में अपने पति विवेक दहिया के साथ खड़ी नजर आई. एक वीडियो में दिव्यांका शादी में दिए जाने वाले तोहफों की लिस्ट बनाती दिख रही हैं, जिसमें उनके साथ फैमिली के अन्य लोग दिखाई दिए. दूसरी वीडियो में विवेक हॉर्स राइडिंग के लिए तैयार दिखे।

# भिलाई के धाबर्डे दंपति के भूमिका मे डॉ. बाबा साहब अंबेडकर पर केंद्रीय फिल्म 'रमाई' की मुंबई में हुई स्क्रीनिंग तैयार

संविधान के जनक कहे जाने वाले डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष में उनकी पत्नी रमाई की भूमिका पर फिल्म 'रमाई' बन कर तैयार हो चुकी है। फिल्म में डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन के अनसुने पहलुओं को दिखाया गया है। फिल्म की पहली स्क्रीनिंग मुंबई के क्यू लैब में रखी गई। इस फिल्म को देखने के बाद मौजूद लोग भावुक हो गए। फिल्म 'रमाई' के जरिए इस्पात नगरी भिलाई निवासी प्रेरणा धाबर्डे और सेवाभावी चिकित्सक डॉ उदय कुमार पहली बार बड़े पर्दे पर कदम रख रहे हैं। प्रेरणा धाबर्डे ने फिल्म में रमाई की केंद्रीय भूमिका निभाई है तो वहीं, डॉ उदय कुमार ने डॉ भीमराव अंबेडकर की भूमिका निभाई है। फिल्म में छत्रपति शाहू महाराज की भूमिका निभा रहे दिग्गज अभिनेता रजा मुराद, प्रेरणा और उदय के एक्टिंग से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि प्रेरणा और उदय ने फिल्म में एक्टिंग नहीं की है, बल्कि किरदार को जिया है। फिल्म के निर्माता कृष्णा चौहान और डायरेक्टर कबीर दा की तारीफ करते हुए रजा मुराद ने कहा- उन्होंने बहुत ही खूबसूरत फिल्म बनाई है। इस फिल्म के जरिए दर्शकों को डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन के अनसुने पहलुओं को जानने का मौका मिलेगा और यह फिल्म लोगों को प्रेरित करेगी।फिल्म में प्रेरणा धाबर्डे, डॉ उदय कुमार, रजा मुराद, ओमकार दास मानिकपुरी (नत्था),अशोक देवल, संजय बनसोडे और कैनल मुनेश्वर की मुख्य भूमिकाएं हैं। लंदन में बाबा साहेब के सहयोगी मित्र फेनी फिजरोल्ड की भूमिका प्रतिमा मिश्रा ने निभाई है। प्रेरणा फिल्म्स यूनिवर्सल के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता कृष्णा चौहान, सह-निर्माता प्रेरणा धाबर्डे हैं। इस फिल्म को कबीर दा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म के कैमरामैन सुमित सन, आर्ट डायरेक्ट प्रवीण वासनिक, साउंड रिकॉर्डिस्ट बाबू ख़मीसा, एडिटर अलमास खान, म्यूजिक डायरेक्टर दिनेश अर्जुना और फिल्म के पीआरओ संजय भूषण पटियाला हैं।



# राजकपूर की 100वीं जयंती पर इमोशनल हुई रेखा

शुक्रवार की रात मुंबई में राज कपूर की 100वीं जयंती का भव्य जश्न मनाया गया. इस खास मौके पर बॉलीवुड सितारों और कपूर परिवार ने आइकॉनिक अभिनेता-निर्देशक को श्रद्धांजलि दी. राज कपूर, जिन्हें प्यार से भारतीय सिनेमा के शोमैन के रूप में याद किया जाता है उनकी 100वीं जयंती के जश्न को एक स्टार-स्टडेड कार्यक्रम के माध्यम से मनाया गया जो जितना दिल से था उतना ही ग्लैमरस भी था. इस इवेंट में पहुंची रेखा राजकपूर के पोस्टर्स को देखकर इमोशनल नजर आईं.बीती रात राजकपूर की 100वीं जयंती के जश्न में रेखा ने एक बार फिर अपने अंदाज से महफिल लूट ली.इवेंट में रेखा गोल्डन ब्लाउज के साथ गोल्डन बॉर्डन वाली क्रीम कलर की साड़ी पहनकर पहुंची थीं.बालों में गजरा, माथे पर बिंदिया और कानों में गोल्ड झुमकों के साथ रेड लिप्स्टिक लगाए रेखा इस उम्र में भी बला की खूबसूरत लग रही थीं.इस दौरान आलिया भट्ट खुद रेखा को रिसीव करने के लिए पहुंची थी. तस्वीर में रेखा आलिया का हाथ थामे हुए नजर आ रही हैं.रेखा और आलिया भट्ट ने एक साथ पैप्स के लिए तस्वीरें भी क्लिक कराईं।



# लहराती धर्म ध्वजाओं के बीच जेपीए 2024 का आगाज

●सामाजिक तानेबाने के लिए खेल जरूरी है-सिंह ● 14 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक आयोजित होगी प्रतियोगिता ● उद्घाटन मैच अरिहंत क्लब ने जीता





**डूंगरपुर (पुकार)।** श्री जैन नवयुवक मण्डल के तत्वावधान में जैन प्रीमियम क्रिकेट लिग प्रतियोगिता का शनिवार को जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं परिषद उप सभापति सुदर्शन जैन के विशिष्ठ आतिथ्य में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हुआ। इस अवसर पर प्रारंभ में भगवान महावीर की तस्वीर के सम्मुख अतिथियों ने दीप प्रज्वलन व नवकार महामंत्र का उच्चारण कर प्रतियोगिता का आगाज किया। इस अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता जैन नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष राजेश डेन्डू ने की। जबकि मुख्य प्रायोजक सुरेन्द्र दोशी अति विशिष्ठ अतिथि थे। खिलाडियो को सम्बोधित करते हुए जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि समाज में ऐसी प्रतियोगिताओ के आयोजन से न केवल सामाजिक तानाबाना मजबुत होता है अपितु खेल सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभाओ को आगे आने का अवसर मिलता है। उन्होने कहा कि जैन समाज शिक्षा के साथ साथ व्यापार सहित अन्य क्षेत्रो में भी अपनी विशेष पहचान रखता है। ऐसे में यह आयोजन समाज को निखारने का एक अवसर है। प्रारंभ में अध्यक्ष सहित विभिन्न समाज जनो ने जिला कलक्टर का अभिवादन किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष रोशन दोशी, रमेशचन्द्र वोरा, ऋषभ जैन, रवि सेठ, जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड़ संघ के अध्यक्ष गजेन्द्र जैन, आनंदजी कल्याणजी पेढ़ी के सदस्य सिद्धार्थ मेहता,नगीनलाल जैन, लक्ष्मीलाल काका, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन, सचिव सत्यप्रकाश जैन,केशू भाई नागदा, पवन सेठ, चेतन सेठ, दिग्पाल गांधी, विजय सेठ, पारस मलासिया, नरेश जैन, सुशिल जैन, शैलेष मेहता, धीरेन्द्र गांधी, विवेक दोशी, अभिषेक दोशी,संजय पटवा,निलेश डेन्डू, नवीन पाटनशाह सहित बडी संख्या में समाज जन उपस्थित थे। इस अवसर पर डीसीए के सुशील जैन ने इस प्रतियोगिता को जिला स्तरीय बनाने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन हेमन्त बी जैन तथा आभार महामंत्री सुनील जैन ने ज्ञापित किया।

आज के मैच:- जेपीएल के उद्घाटन मैच मनाली लॉयन्स व अरिहंत रॉयल्स के बीच खेला गया जिसमे अरिहंत क्लब ने 19 वे ओवर में जीत के लिए आवश्यक रन बना लिए। मनाली ने पहले खेलते हुए 150 रन पर ऑल आउट हुई जिसमे धैर्य दोशी ने 30, चिराग व भाविक ने 36-36 रन बनाये। जबकि अरिहंत के आशीष सरैया ने हेट्रिक के साथ 5 विकेट लिए। इसके जवाब में अरिहंत क्लब के राजेश जैन के 40 व निखिल के नाबाद 33 दोनो की बदौलत 18.1 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर जीत के लिए आवश्यक रन बना लिए। मनाली के नीरव जैन ने 5 विकेट लिए। आशीष सरैया को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। इसी तरह दूसरे मैच में सूर्या सूपर किंग ने गजराज पेन्ट्स को पराजित किया। गजराज पेन्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 144 रन बनाये। जिसमे हर्षिल जैन ने 78 रन बनाये। सूर्या सूपर के अभिषेक मेहता ने 3 विकेट लिए। उसके जवाब में सूर्या सुपर किंग ने 5 विकेट पर 145 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। जिसमे अमोल जैन ने 59 रन बनाये व आदित्य ने 37 रन बनाये। अमोल को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया।

## स्वच्छता की कमेटी एवं सभापति ने किया वार्ड नं 7 व 19 का निरीक्षण

**डूंगरपुर(पुकार)।** सभापति के नेतृत्व में आज स्वच्छता कमेटी की टीम ने वार्ड नंबर 7 व 19 में निरीक्षण किया। वार्डवासीयो ने अपनी समस्याओं को बताया। सभापति एवं स्वच्छता की कमेटी ने तुरंत उसका निस्तारण किया। स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। वार्ड नं 7 व 19 में सभापति द्वारा रोड़ लाइट बंद होने पर तुरंत सबंधित अधिकारियों को सुचना देकर ठीक करवाई एवं पेडों की छटाई जहा बडे पेड हो रहें है, वहा जल्द ही उसको छटवाये जायेंगे वार्ड में हो रहें अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाने के निर्देश दिए एवं आप सभी शहरवासियो से निवेदन है की बाहर कचरा न फेंके एवं कचरा डस्टबिन में रखें और कचरे वाली गाड़ी में डालें। जिससे अपना शहर स्वच्छ बना रहें। इस दौरान स्वच्छता कमेटी की टीम जिसमें वार्ड 7 पार्षद प्रिंयका रोत, वार्ड 19 पार्षद जितेन्द्र भोई, डायालाल पाटीदार, अशोक चौबीसा, गौरव कंसारा, राजेश रोत, मोहनलाल यादव साथ ही नगर परिषद टीम से सफाई निरीक्षक रामसिंह राजावत एवं उनकी पूरी टीम भी रही स्वच्छता कमेटी के निर्देश अनुसार रामसिंह राजावत ने सफाई कर्मी को उचित निर्देश दिए एवं तत्काल प्रभाव से कार्य शुरू करवाया। आमजन को कचरा केवल कचरा पात्र में ही डालने हेतु निर्देश दिए गएए परिषद द्वारा गंदगी फैलाने वाले से स्पॉट फाइन भी वसूला जा रहा है। हम आशा करते है कि सभी शहरी जन परिषद के कार्यो में सहयोग करे एवं सड़क पर कचरा नहीं फैंकने हेतु पाबन्द करें। वही शहरी स्वच्छता कमेटी ने कहा कि परिषद द्वारा शहरी स्वच्छता को बेहतर बनाने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है।

## सनातन धर्म समिति द्वारा 16 दिसंबर से आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा की तैयारिया पूर्ण

● कथा व्यास श्री राधे उपाध्याय वृंदावन धाम का रविवार को नगर मे आगमन

**डूंगरपुर(पुकार)।** सनातन धर्म समिति डूंगरपुर द्वारा वागड़ की पावन धरा धर्म नगरी डूंगरपुर में 16 दिसंबर से सात दिवसीय सनातन धर्म श्रीनाथ मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करवाया जा रहा है,जिसकी अंतिम तैयारियों के लिए कार्यो का विभाजन कर कथा की तैयारिया पूर्ण की ।

श्रीमद् भागवत कथा 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक सात दिवसीय कथा में कथा व्यास श्री राधे उपाध्याय धाम वृंदावन के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत की जावेगी। कथा के मुख्य यजमान रमेश वरयानी शहंशाह परिवार, सह यजमान देवेन्द्र कलाल एवं जयेश मकात परिवार के सानिध्य श्रीमद भागवत के 71 पोथी यजमान दोपहर 1 बजे श्री मुरलीधर मंदिर से श्रीनाथजी मंदिर सनातनीयों के सानिध्य मे शोभा यात्रा के रूप मे श्रीनाथ जी मंदिर पहुंचगे जहा सभी पोथियों की पूजा अर्चना के बाद कथा व्यास श्रीराधे दीदी के मुखारवींद से कथा प्रारम्भ होंगी। कथा में शहर के समस्त समाजों के समाजजनो द्वारा सहयोग किया जारहा है। समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि सातों दिवस की कथा हेतु प्रतिदिन अलग अलग अध्याय पर कथा व्यास श्री राधे उपाध्याय द्वारा कथा की जावेगी ।

## पशुपालको से वसुला जायेगा जुर्माना, होगी कार्यवाही

**डूंगरपुर(पुकार)।** शहर की स्वच्छता और सुंदरता को बनाए रखने हेतु आमजन की सहभगिता जरूरी है निर्देशन में शहर की स्वच्छता और सुंदरता को खराब कर रहे गुमंतु पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही जारी रही।



और उसमें पशु पालक की भी जिम्मेदारी है कि वह अपने पशुओं को खुल्ला न छोड़े और सड़कों के मध्य न आने देवे क्योंकि पशु सड़कों पर आकर गंदगी करते वहीं एवं यातायात को भी बाधित करते है।

सभापति अमृत कलासुआ और आयुक्त लोकेश पाटीदार के निर्देश पर सफाई निरीक्षक रामसिंह राजावत के शहर की स्वच्छता और सुंदरता को बनाए रखने हेतु आमजन की सहभगिता जरूरी है और उसमें पशु पालक की भी जिम्मेदारी है कि वह अपने पशुओं को खुल्ला न छोड़े और सड़कों के मध्य न आने देवे क्योंकि पशु सड़कों पर आकर गंदगी करते वहीं एवं यातायात को भी बाधित करते है ।

## शराब तस्करी के खिलाफ धम्बोला पुलिस की लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्रवाई, ट्रक से पकड़ी 15 लाख की शराब, ट्रक चालक गिरफ्तार

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** डूंगरपुर जिले की धम्बोला थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ लगातार दूसरे दिन भी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है । थानाधिकारी रिजवान खान के नेतृत्व में पुलिस ने थाने के बाहर नाकेबंदी के दौरान शराब से बड़े ट्रक को जब्त किया है । वही ट्रक से 15 लाख की शराब बरामद करते हुए चालक को गिरफ्तार किया है । प्लास्टिक के कट्टों में कंबल की आड़ में शराब की तस्करी की जा रही थी । फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है ।



धम्बोला थाने के थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के आदेशानुसार, एएसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देशन ओर सीमलवाड़ा पुलिस उप अधीक्षक राजकुमार राजोरा के सुपरविजन में एरिया डोमिनेशन के तहत पुलिस की ओर से थाने के बाहर शनिवार सुबह नाकेबंदी शुरू की गई । नाकेबंदी के दौरान जोगपुर की तरफ से आ रहे एक ट्रक को रुकवाया गया । पूछताछ में ट्रक चालक ने अपना नाम गांव रगड़िया,वेजलपुर रोड, गोधरा गुजरात निवासी रमजानी पुत्र याकूब चरखा मुसलमान होना बताया । वही चालक ने ट्रक में कंबल भरा होना बताया । लेकिन मुखबिर की सुचना पक्की होने पर पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो ट्रक में प्लास्टिक के कट्टों में कंबल की आड़ में राजस्थान निर्मित शराब के कार्टन भरे हुए थे । जिस पर पुलिस ने ट्रक को जब्त किया । वही आबकारी अधिनियम में चालक रमजानी को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने ट्रक से राजस्थान निर्मित शराब के 354 कार्टन बरामद किये । जिनकी बाजार की कीमत करीब 15 लाख रूपये बताई जा रही है । इधर पुलिस पूछताछ में आरोपी ने शराब को प्रतापगढ़ से भरकर गुजरात तस्करी करना बताया है । फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है । गौरतलब है की धम्बोला थाना पुलिस ने कल भी एक लोडिंग टेम्पो से डेढ़ लाख की शराब जब्त की थी ।

कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान, एएसआई धर्मेंद्र सिंह, हैड कांस्टेबल किशोर कुमार, लोकेंद्र सिंह, भानुप्रताप सिंह, विनोद पाटीदार,रोशन, हरीश पाटीदार,कपिल शामिल है।

## लोडिंग टेंपो से डेढ़ लाख की शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** डूंगरपुर जिले की धम्बोला थाना पुलिस ने धंबोला पावर हाउस के पास शराब से भरे एक लोडिंग टेंपो को पकड़ा है। पुलिस टेंपो चालक को गिरफ्तार किया है वही टेंपो से डेढ़ लाख रुपए की शराब बरामद की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



डूंगरपुर जिले के धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान बताया कि मुखबिर के जरिए शराब तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस की ओर से धम्बोला पावर हाउस के पास शुक्रवार देर शाम को नाकेबंदी शुरू की गई। इस दौरान एक लोडिंग टेंपो को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो टेंपो में सब्जी के कैरेट की आड़ में शराब भरी हुई थी। शराब परिवहन संबंधी दस्तावेज नहीं मिलने पर पुलिस ने टेंपो को जब्त किया । वही आबकारी अधिनियम में उदयपुर जिला निवासी आरोपी चालक भैरूलाल पुत्र मोहनलाल खटीक को गिरफ्तार किया। इधर पुलिस ने टेंपो से शराब के 38 कार्टन जब्त किए है। जब्त शराब की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी उदयपुर से शराब भरकर गुजरात तस्करी करने ले जा रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## भारत गौरव सेवा आचार्य पुलक सागर महाराज का मुस्कान वात्सल्य धाम में आहार व प्रवचन

**डूंगरपुर(पुकार)।** बलवाड़ा स्थित मुस्कान वात्सल्य धाम में भारत गौरव सेवाआचार्य पुलक सागर महाराज का भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। भारत गौरव राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य 108 श्री पुलक सागर महाराज का मुस्कान वात्सल्य धाम में मंगल प्रवेश हुआ।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगल प्रवेश में मिली आदिवासी संस्कृति की झलक एक दर्जन से ज्यादा ढ़ोल रहे आकर्षण का केंद्र, छोटे-छोटे बच्चे साफा बांध कर गेर खेलते हुए सबका मन मोह रहे थे, लड़कियां केसरिया साफा बांधकर लेजम के साथ नृत्य करके समाँ बाँध रही थी, महिलाए कलश लेकर मंगल प्रवेश के स्वागत गीत गा रही थी, पुरुष केसरिया ऊपरना लगाकर पगड़ी के साथ अलग ही अंदाज में चल रहे थे और जयकारे लगा रहे थे। वही सैंकड़ो नन्हे नन्हे बच्चे गुरूवर के चरणों में पुष्प वृष्टि करके पलक पावड़े बिछा रहे थे। ऐसा नजारा था की साक्षात भगवान पृथ्वी पर विचरण करने निकले है और भक्त सब कुछ भूलकर प्रभु की अगवानी कर रहे है चारो तरफआनंद ही आनंद था। सभी तरफ चर्चा थी की ऐसी अनोखी अगवानी पहले कभी नहीं देखी, ऐसी अदभुद ऐतिहासिक शानदार अगवानी सेवा आचार्य भरत नागदा के नेतृत्व प्रसिद्ध समाजसेवी राजेश जैन एवं सेकड़ो लोगो के साथ संपन्न हुई । वात्सल्य धाम में गुरुवर का पाद प्रक्षालन किया गया एवं आरती उतारकर सबने आशीर्वाद लिया आचार्य पुलक सागर जी महाराज द्वारा मुस्कान वात्सल्य धाम परिसर का भ्रमण कर अवलोकन किया गाय। संस्थान की गतिविधियों के बारे मे जाना।

## कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** शिवनारायण चौबीसा महाविद्यालय सीमलवाड़ा में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन निदेशक प्रशांत चौबीसा एवं रजंना चौहान के सानिध्य में हुआ। जिसमें खो-खो, कबड्डी, गोला फेंक ,भाला फेंक, तश्तरी, रस्साकस्सी इत्यादि खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी पुरुष वर्ग में राहुल हगांत एवं दल विजेता, हरिश एवं दल उपविजेता, कबड्डी महिला वर्ग में जशोदा एवं दल विजेता, उमिया एवं दल उपविजेता, खो-खो पुरुष वर्ग में मदन डामोर एवं दल विजेता, कैलाश



एवं दल उपविजेता, खो-खो महिला वर्ग में जशोदा तराल एवं दल विजेता, भारती एवं दल उपविजेता, गोला फेंक पुरुष वर्ग में प्रथम मौसम, द्वितीय विक्रम, भाला फेंक पुरुष वर्ग में प्रथम कैलाश, द्वितीय विक्रम, तश्तरी फेंक पुरुष वर्ग में प्रथम मौसम, द्वितीय सतिष, रस्साकस्सी पुरुष वर्ग में विशाल एवं दल विजेता, अनिल एवं दल उपविजेता, रस्साकस्सी महिला वर्ग में प्रियंका एवं दल विजेता, अंजलि एवं दल उपविजेता,रहे। इस प्रकार वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। यह जानकारी खेल प्रभारी प्रतीक पण्ड्या ने दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## चाइल्ड हेल्पलाइन ने 11 बच्चों को भिक्षावृति से मुक्त करवाया



**डूंगरपुर।** कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसआईयूसीएडब्ल्यू के द्वारा भिक्षावृति के उन्मूलन के लिए विशेष अभियान उमंग के अन्तर्गत बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने डूंगरपुर जिले के विभिन्न क्षेत्र ट्रेफ्कि चौराहों, सड़कों, सार्वजनिक स्थान, बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन, पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में भिक्षावृति में लिप्त बच्चों को भिक्षावृति से मुक्त करवाया गया। बाल अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक पिंकी मीणा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन टीम व मान तस्करी विरोधी यूनिट डूंगरपुर के संयुक्त तत्वावधान में डूंगरपुर शहर के शनि मंदिर परिसर, बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन पर टीम द्वारा सर्च अभियान चलाकर भिक्षावृति में लिप्त बच्चों को भिक्षावृति से मुक्त करवाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा सीमलवाड़ा की बैठक 17 को

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** राजस्थान पेंशनर समाज सीमलवाड़ा का पेंशनर डे कार्यक्रम पेंशनर भवन सीमलवाड़ा में 17 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। उप शाखा अध्यक्ष दिनेश पंड्या ने बताया कि सुबह 11 बजे से शुरू इस कार्यक्रम में 75 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर साथियों का सम्मान किया जाएगा। जिन साथियों के 75 वर्ष पूर्ण हो चुके है, वे सभी साथी कार्यक्रम में शामिल होवे। कार्यक्रम में प्रांतीय स्तर के अधिवेशन के विस्तृत चर्चा एवं सदस्यता अभियान पर चर्चा की जाएगी। 17 दिसंबर को उपशाखा के सभी सदस्य अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

### पंचायत समिति सीमलवाडा की साधारण सभा की बैठक 19 दिसम्बर को

**सीमलवाडा(पुकार)।** पंचायत समिति सीमलवाडा की साधारण सभा की बैठक 19 दिसम्बर गुरूवार को सुबह 11 बजे पंचायत समिति के सभागार में प्रधान कारीलाल ननोमा की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। जिसमें सभी सदस्यगण एवं जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति रहेगी। साथ ही समस्त ब्लॉक स्तरीय विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बधित भौतिक एवं वित्तिय प्रगति एवं सम्बधित महत्वपूर्ण परिपत्र विभागीय संक्षिप्त नोट के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से वांछित सूचनाओं के साथ उपस्थिति देंगे। यह जानकारी विकास अधिकारी ललित पंड्या ने दी।

### मुस्लिम परिषद संस्थान ने पठान का किया स्वागत

**डूंगरपुर(पुकार)।** शुक्रवार को हुए जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में एड़वोकेट सादेकीन पठान के महासचिव पद पर विजय होने पर मुस्लिम परिषद ने दरगाह आशिक अली बाबा परिसर में किया। स्वागत जिलाध्यक्ष आबिद अली के नेतृत्व में मुस्तफा शानू, अकरम छिपा,जाहिद चिंटू, निजाम खान, सादिक खान, अल्ताफ खान, ताहिर खान सरफराज छिपा आदि ने फुल माला पहनाकर स्वागत किया।

### सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष होने पर रक्तदान शिविर आज

**डूंगरपुर(पुकार)।** राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोज्य विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार 15 दिसम्बर को पं. दीनदयाल उपाध्याय मैरिज हॉल में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर का आयोजन जिला प्रशासन, जिला स्वास्थ्य समिति, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, नगर परिषद तथा ब्लड बैंक जिला अस्पताल डूंगरपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा। शिविर संयोजक पद्मेश गांधी ने बताया कि रविवार सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में 200 यूनिट रक्त एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर के सफल आयोजन को लेकर अतिरिक्त अधीक्षक डॉ.कौस्तुभ सिंह तथा शिविर नोडल अधिकारी डॉ. ज्योति हरोतीया ने शिविर स्थल का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस शिविर की व्यवस्थाओं को लेकर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के पृथ्वीराज जैन, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर पुष्पेंद्रसिंह राठौड़, राजेश चौहान, मीडिया प्रभारी राजकुमार कसारा का सहयोग रहा।

### भारत गौरव आचार्य श्री 108 पुलक सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश आज

**डूंगरपुर(पुकार)।** रविवार को दोपहर 1 बजे वरदान स्कूल से विहार प्रारंभ कर धनपाल भंवरलाल के बाहर समाज द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा वहां से गाजे बाजे के साथ तहसील चौराहा से होते हुए महावीर नगर मंदिर जाएंगे उसमें सभी समाजों एवं महिला मंडलों द्वारा स्वागत द्वार लगाए गए हैं, जहां आचार्यश्री का पाद प्रशाल किया जाएगा। मंदिर जी दर्शन पश्चात न्यू कॉलोनी में भगवती भाई के प्लॉट पर आचार्य श्री का आशीर्वचन होगा आज प्रातः से ज्ञान गंगा महोत्सव का शुभारंभ होगा जो 21 तारीख तक चलेगा।

### जिला प्रभारी मंत्री 15 को जिले के दौरे पर

**डूंगरपुर(पुकार)।** जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा विभाग राजस्थान सरकार एवं जिला प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी 15 दिसम्बर को जिले के दौरे पर रहेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ ने बताया कि जिला प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी 15 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे सागवाड़ा (डूंगरपुर) पहुंचेंगे वे वहां पर राउप्रावि फ्लातेड़ में डॉम के लोकार्पण कार्यक्रम एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे तथा सायं 3 बजे सागवाड़ा (डूंगरपुर) से कोटडा (उदयपुर) के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रभारी मंत्री खराड़ी के दौरे के मद्देनजर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग डूंगरपुर के उपायुक्त जिले में आगमन से प्रस्थान तक प्रोटोकॉल एवं लाईजनिंग अधिकारी कार्य संपादित करेंगे। वहीं, जिला पुलिस अधीक्षक, डूंगरपुर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

### जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन आज

**डूंगरपुर(पुकार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान युवा बोर्ड द्वारा राज्य युवा महोत्सव-2024 में विकसित भारत विकसित राजस्थान की संकल्पना का साकार करने जो विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार थीम पर आधारित के लिए जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 15 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे विजयाराजे सिंधिया ऑडिटोरियम, हॉल डूंगरपुर में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ ने दी।

### राज्य सरकार एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में अन्त्योदय सेवा शिविर आज, कार्यक्रम समय में आंशिक संशोधन

**डूंगरपुर(पुकार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार अन्त्योदय सेवा शिविर 15 दिसम्बर को दोपहर 2.30 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ, अतिथियों का स्वागत, उप निदेशक सान्याआवि द्वारा जानकारी,मुख्य अतिथि का उद्बोधन, विशिष्ट अतिथियों का उद्बोधन, दिव्यांग उपकरण वितरण (101) हॉल में, धन्यवाद, उपकरण वितरण, ट्राईसाईकिल 10 व्हील चेयर एवं स्कूटी वितरण आयोजित की जाएगी।

### व्यास आश्रम, दामड़ी में राम नवमी को विराट कार्यक्रम का आगाज

**डूंगरपुर(पुकार)।** व्यास आश्रम, दामडी में आज एक विशेष जन सभा में राम नवमी आागमी 6 अप्रैल को अनेक कार्यक्रमों को आयोजित करने की घोषणा की गई। मनोज पाटीदार दोवडा, महेंद्र पाटीदार नरणिया,नारायणलाल पाटीदार, आसेला, देवीलाल पाटीदार, दुर्गाशंकर रोत, महेश सुथार, डॉ. सचिन पाटीदार, राहुल पाटीदार आदि ने तदाशय के पोस्टर का विमोचन किया। सुश्री भावना पटेल ने महिला कलश यात्रा का सांकेतिक प्रदर्शन किया। दिनेश सुथार,धनी परमार,हीरालाल रोत सहित अनेक लोगों ने भाग लिया। सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार, एक मासिय सदाचार शिविर, गायत्री यज्ञ, वृष्टि यज्ञ आदि की घोषणा भी की गई।

### स्वच्छता की कमेटी एवं सभापति ने किया वार्ड नं 7 व 19 का निरीक्षण

**डूंगरपुर(पुकार)।** सभापति के नेतृत्व में आज स्वच्छता कमेटी की टीम ने वार्ड नंबर 7 व 19 में निरीक्षण किया। वार्डवासीयो ने अपनी समस्याओं को बताया। सभापति एवं स्वच्छता की कमेटी ने तुरंत उसका निस्तारण किया। स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। वार्ड नं 7 व 19 में सभापति द्वारा रोड़ लाइट बंद होने पर तुरंत सबंधित अधिकारियों को सुचना देकर ठीक करवाई एवं पेडों की छटाई जहा बडे पेड हो रहें है, वहा जल्द ही उसको छटवाये जायेंगे वार्ड में हो रहें अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाने के निर्देश दिए एवं आप सभी शहरवासियो से निवेदन है की बाहर कचरा न फेंके एवं कचरा डस्टबिन में रखें और कचरे वाली गाड़ी में डालें।

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001

दुरभाष स. 0294-2421255, 2420013 , Helpline no.0294-2426262,

Email:- ceoudr.lsg@rajasthan.gov.in electricalumc50@gmail.com Website :- https://udaipurmc.org/

क्रमांक : विद्युत / 2024–25 / 985 दिनांक :– 12.12.24

**ई-बोली आमन्त्रण सूचना संख्या – ई 10/2024–25**

नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विद्युत सम्बंधित 01 कार्य जिनकी कुल अनुमानित लागत राशि 15 लाख के कार्य हेतु ई–प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से ऑनलाईन निविदा दिनांक 23.12.2024 समय सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN No UNP2425WSRC00148

आयुक्त
नगर निगम, उदयपुर

राज.संवाद / सी / 24 / 9094

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री का एयरपोर्ट पर किया स्वागत



**उदयपुर (पुकार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को उदयपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी और प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा ने की अगवानी इसके साथ ही रवींद्र श्रीमाली, चंद्रगुप्त सिंह चौहान प्रमोद सामर, अतुल चंडालिया सहित भाजपा पदाधिकारियों ने सीएम का स्वागत किया।

### कैरियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित



**उदयपुर (पुकार)।** पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, उमरडा स्थित वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में दक्षिणी राजस्थान में पहला कैरियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रिंसिपल डॉ. सुरेश गोयल थे। सेमिनार में डॉ. एस के. मेहता प्रिंसिपल वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और राजेश चौबीसा, वाइस प्रिंसिपल वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें पैरामेडिकल साइंसेज के क्षेत्र में विभिन्न रोजगार के अवसरों और उच्च अध्ययन और स्कोप के बारे में जानकारी दी। संचालन श्रीमती वैदिका राठौड़ और आयोजन समिति के सदस्य श्रीमती अंजलि स्वामी, कैलाश चौधरी, यश जैन और बी.एल.लोहर ने मिलकर किया। सेमिनार को डॉ. रिमझिम ने भी संबोधित किया और साई तिरुपति यूनिवर्सिटी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले मास्टर्स इन हॉस्पिटल एडमिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी देकर छात्रों को प्रोत्साहित किया।

### एक्स्ट्रीम मार्शल आर्ट एकेडमी के बच्चों ने जीते रजत व कास्यं पदक



**उदयपुर (पुकार)।** त्यागराज स्टेडियम दिल्ली में शनिवार को सम्पन्न हुई 68वें नेशनल स्कूल गेम में एक्स्ट्रीम मार्शल आर्ट एकेडमी राजस्थान के बच्चों ने रजत व कास्यं पदक जीत राजस्थान का गौरव बढ़ाया।

एक्स्ट्रीम मार्शल आर्ट एकेडमी राजस्थान और उदयपुर जिला के जनरल सेक्रेटरी संजू सिंह ने बताया कि महिला वर्ग में 52 किलो भार वर्ग में समिस्ता गहलोत ने रजत पदक जीता और पुरुष वर्ग में देवांश टाटावत 50 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। 68 वें नेशनल स्कूल गेम करीबन 29 राज्यों के 600 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। पदक विजेताओं बच्चों को शुभकामनाएं देने में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन प्रेसिडेंट भरत शर्मा कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के जनरल सेक्रेटरी संजीव कुमार जांगड़ा एक्स्ट्रीम मार्शल आर्ट इंडिया के चीफ डायरेक्टर अनिकेत गुप्ता असिस्टेंट चीफ डायरेक्टर दीपिका धीमन टेक्निकल डायरेक्टर अख्तर और समस्त एक्स्ट्रीम मार्शल परिवार और सभी बच्चों के माता-पिता ने दी शुभकामनाएं दी।

### कला एवं वादन कार्यशाला का समापन



**उदयपुर (पुकार)।** गुरु नानक स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में 6 दिवसीय कला एवं वादन कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कोठारी ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया।

मीडिया प्रभारी डॉ सिम्मी सिंह ने बताया कि अतिथियों का स्वागत संकाय प्रभारी डॉक्टर रंजना आमेटा ने किया। मुख्य प्रशिक्षक डॉ समता पाठक ने छात्राध्यापिकाओं को कला एवं नाटक विषय के अंतर्गत विभिन्न जानकारियां दी तथा अभ्यास कार्य कराया। इस कार्यशाला में मधुबनी, वरली, सॉफ्ट पेंटिंग, चित्रकारी साथ ही साथ सजावट में तोरण ढोल मटके एवं पेपर फ्लावर डेकोरेशन करना सिखाया गया। विभिन्न समूहों में छात्राध्यापिकाओं ने इन कार्यों को सीखा। डॉ डिंपल कौर ने बताया कि इन कलाकृतियों की प्रदर्शनी 18 दिसम्बर को सेमिनार हॉल में लगाई जाएगी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती हुमैरा खान ने किया। इस अवसर पर डॉ हर्षलता पंड्या डॉ मीना नागदा, दिव्या जैन तस्लीम नाज़ डॉ रंजीता खतुरिया रुचि पालीवाल उपस्थित रहे।

### स्व. संजय गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**उदयपुर (पुकार)।** रक्षाबंधन धानमंडी स्थित कांग्रेस मीडिया सेंटर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने कांग्रेस के राष्ट्र नेता पूर्व संसद सदस्य स्व. संजय गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। शर्मा ने गोष्ठि को संबोधित करते हुए कहा कि संजय गांधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के युवा संगठन, भारतीय युवा कांग्रेस, को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने संगठन में नई ऊर्जा और जोश का संचार किया, जिससे पार्टी में युवाओं की भागीदारी बढ़ी। इस अवसर पर मुकेश जाट, कारू बापू चित्तौड़, जमना गिरी, अम्बालाल, नारायण दास, संतोष महेश्वरी, दिनेश साहू, गोपाल अग्रवाल, नितेश जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पावरलिफ्टिंग टीम घोषित



**उदयपुर (पुकार)।** नई दिल्ली के करनैल सिंह स्टेडियम के मल्टीपरपज हॉल में 16 से 19 दिसंबर तक आयोजित होने वाले फेडरेशन कप राष्ट्रीय सीनियर पुरुष एवं महिला पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान पावरलिफ्टिंग टीम की शनिवार को घोषणा की गई। टीम की घोषणा करते हुए राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के आयोजन सचिव विनोद साहू ने बताया कि राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग टीम का नेतृत्व उदयपुर के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गौरव साहू करेंगे।

राजस्थान पावरलिफ्टिंग टीम में गौरव साहू (कप्तान), कृष्ण व्यास, योगेंद्र सोगरवाल, प्राची सोनी व टीम मैनेजर आशीष जैमन एवं टीम के कोच सुमित कुमार एवं महिला टीम के कोच चंद्रेश सोनी होंगे। राजस्थान टीम रविवार दिल्ली के लिए रवाना होगी।

*निगम आयुक्त की अनूठी पहल*

*अधिकारी करेंगे आश्रय स्थल की आकस्मिक जांच, भरेंगे प्रपत्र*

# निगम अधिकारी करेंगे रात्रि गश्त, बेघर लोगों को भेजेंगे आश्रय स्थल

**उदयपुर (पुकार)।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश द्वारा उदयपुर शहर में अनूठी पहल करते हुए रात्रि में फुटपाथ एवं सड़क किनारे सोए हुए बेघर, बेसहारा को आश्रय स्थल तक पहुंचाने का कार्य प्रारंभ किया गया है, इसको लेकर रात्रि कालीन गस्त की व्यवस्था की गई है जिसमें नगर निगम की विभिन्न शाखों के अधिकारी को सम्मिलित किया गया है, इनके द्वारा आश्रय स्थल की आकस्मिक जांच भी की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अन्तर्गत नगर निगम उदयपुर द्वारा 7 स्थाई आश्रय स्थल का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान मे शीतलहर को मध्यनजर रखते हुए नगर निगम द्वारा रात्रिकालीन गश्त प्रारंभ की गई है जिससे खुले मे सोने वाले बेघरो को आश्रय स्थल पहुँचाया जा सके। इस हेतु निगम के सभी अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए गए हैं।

इसी के साथ आश्रय स्थल संचालन करने वाली संस्थाओं को भी अपने आश्रय स्थल के 3 किलोमीटर क्षेत्र में रात्रि को सड़क पर सोने वाले व्यक्तियों को वहां से उठाकर आश्रय स्थल तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए हैं।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि आश्रय स्थल संचालकों को अपने आसपास के क्षेत्र में कोई व्यक्ति या बेसहारा सड़क पर सोते हुए पाए जाए तो उन्हें वहां से उठाकर आश्रय स्थल तक पहुंचने के निर्देश दिए गए है साथ ही निगम के सभी अधिकारियों को भी सप्ताह में एक बार आकस्मिक जांच कर सड़क पर सोए हुए बेसहारा को आश्रय स्थल तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए है।

**इन सुविधाओं की करेंगे जांच :** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने अधिकारियों को चेक लिस्ट के अनुसार जांच करने के निर्देश दिए हैं। जांच में उनको क्षमता के अनुसार पर्याप्त बिस्तर उपलब्ध है या नहीं, पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध है, आश्रय स्थल में गर्म पानी की व्यवस्था, आश्रय स्थल में केयरटेकर की व्यवस्था, आश्रय स्थल में आने वाले लाभार्थियों का नाम रजिस्ट्र मे सही से अंकित किया जा रहा है या नहीं, पंखे /कूलर/ समुचित प्रकाश व्यवस्था, आश्रय स्थल में मनोरंजन हेतु टी वी की व्यवस्था, महिलाओं के लिए पृथक से सोने की व्यवस्था, आश्रय स्थल में गर्म अलाव / रूम हीटर की व्यवस्था, आश्रय स्थल में साफ सफाई गुणवत्ता पर टिप्पणी, आश्रय स्थल में साफ सुथरे शौचालय की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार पेटी, रजिस्टर संधारण, 3 KM क्षेत्र में गस्त का रिकॉर्ड, कार्मिको की यूनिफॉर्म, प्रतिमाह नियमित बैठक, शिफ्टवार कार्मिको की सूचना, शिकायत /सुझाव रजिस्टर, 24 घंटे पानी सप्लाई, टी.वी. चालु , लिक्विड सोप/साबुन टॉवेल, कीटनाशक स्प्रे व उसका रेकर्ड आदि की जांच कर प्रति सोमवार को आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी।

### 7 आश्रय स्थल संचालित है निगम द्वारा

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि शहर में निर्धन, गरीब, बेसहारा व आश्रयविहिन तथा यात्रियों के लिए नगर निगम द्वारा 7 स्थलों पर आश्रय स्थल संचालित किये जा रहे है।

वर्तमान में शीतऋतु भी प्रारम्भ हो चुकी है और रात्री में कोई भी बेसहारा व आश्रयविहिन व्यक्ति आम रास्तों, फुटपाथों तथा खुले स्थानों पर रात्रि विश्राम नहीं करे इस हेतु इन्हें इन आश्रय स्थलो में स्थानान्तरीत किये जाने का कार्य आरंभ किया गया है ताकि शीतऋतु से किसी प्रकार की जनहानि ना हों। शहर के चेतक सर्कल पर दो, उदिया पोल सेक्टर ऑफिस, प्रताप नगर, मल्लाह तलाई, आवरी माता कच्ची बस्ती, गोवर्धन विलास पर वर्तमान ने आश्रय स्थल संचालित किए जा रहे है।

## 'भूख से बड़ा मज़हब और रोटी से बड़ा ईश्वर कोई नहीं'



### जरूरतमंद बच्चों को भोजन पैकेट वितरित

**उदयपुर (पुकार)।** भूखे को भोजन करवाना सबसे बड़ा मानव धर्म है। यह किसी विडंबना से कम नहीं कि एक तरफ़ हम घर में बैठकर तीनों वक्त स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकते हैं। लेकिन, हमारे घर के आसपास ही ना जाने कितने ही लोग हैं जोकि एक समय के भोजन की जुगत में हैं। रोज खाने-कमाने वाले लोगों के सामने भूख एक बड़ी चिंता का विषय है।आज परमार्थ मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा जोगी तालाब स्थित कच्ची बस्ती में जरूरतमंद बच्चों को भोजन पैकेट वितरित किए गए। ट्रस्ट के मेम्बर कैलाश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि भूखे को खाना खिलाना और जरूरतमंद की सेवा करना बहुत आसान है, इसके लिए जरूरत है एक अलख जगाने की ।हम सब अपने अपने सामर्थ्य के अनुसार किसी भी जरूरत की सेवा कर ईश्वर की कृपा प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि अक्सर कच्ची बस्ती में दोनों समय भरपेट भोजन के लिए यहाँ के लोगो को काफ़ी संघर्ष करना पड़ता है कई बार फाँके ही नसीब होते है। इसी कारण हमने एक टीम बनाई है जो समय समय पर ऐसी बस्तियों में जाकर जरूरतमंदो की सेवा करती है जिसमें खाना वितरण, स्टेशनरी वितरण ,वस्त्र वितरण, कंबल वितरण आदि कार्य किए जाते है । उक्त कार्यक्रम में के सी त्रिपाठी, जया कुचरू, दुर्गा ,खुशबू आदि मौजूद रहे।

## मंदिर से आभूषण चोरी, प्रतिमा का हाथ खंडित

**उदयपुर (पुकार)।** खेरोदा के खेड़ा खूंट माताजी मंदिर से चोर आभूषण चोरी कर ले गए और प्रतिमा का एक हाथ भी खंडित कर दिया। गोपाल पुत्र लालूराम जणवा निवासी अमरपुरा खालसा ने रिपोर्ट दी कि वह खेडा खूंट माताजी मंदिर अमरपुरा खालसा का पुजारी है। मंदिर में आधी रात को चोरी हो गई, जिसमें चांदी का एक मुकुट 500 ग्राम, चांदी का छत्र 250 ग्राम, चांदी की चूडियां 250 ग्राम, सवा तोला सोने की नथ चुरा कर ले गए। चोर जाते समय मूर्ति का हाथ खंडित कर गए, जो गांव के बाहर मिला। रिपोर्ट पर खेरोदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के 23 विद्यार्थियों का सात लाख रूपये के सालाना पैकेज पर चयन

**अजमेर (पुकार)।** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के 23 मेधावी विद्यार्थियों का बेंगलुरु स्थित प्रतिष्ठित निजी कंपनी टीचनुक (Teachnook) में सात लाख रुपये सालाना के आकर्षक वेतन पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है। यह सभी विद्यार्थी बिजनेस डवलपमेंट एसोसिएट के पद पर चयनित हुए हैं।

यह विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है और यह सफलता विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और विद्यार्थियों के कौशल विकास के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

टीचनुक ने स्किल टेस्ट और व्यक्तिगत साक्षात्कार और पढ़ाई में




अर्जित किये गए नंबरों के आधार पर राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान, कंप्युटर विज्ञान, बिग डाटा विश्लेषण और एमबीए के विद्यार्थियों का चयन किया।

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने विद्यार्थियों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि ' इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा में और वृद्धि हुई है। यह न केवल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि नए विद्यार्थियों को भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।'

टीचनुक कंपनी एक एड-टेक फर्म है, एआई-आधारित मॉडल के साथ ई-लर्निंग अनुभव को पुनर्परिभाषित कर रही है। कंपनी का मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी छात्र पीछे न छूटे और उन्हें अपनी वास्तविक क्षमता का एहसास करने का समान अवसर मिले।

## एलिवेटेड रोड का कार्य शुरू

**उदयपुर (पुकार)।** सिटी रेलवे स्टेशन से कलक्टर आवास तक एलिवेटेड रोड निर्माण का कार्य शनिवार सुबह शुरू हुआ। शहर विधायक ताराचंद जैन और ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने मशीन का पूजन किया तो मशीन ने पिलर बनाने के लिए गड्ढा खोदना शुरू कर दिया। एलिवेटेड रोड का 18 नवंबर को पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने भूमि पूजन किया था। इसके बाद इस एलिवेटेड रोड को बनाने वाली कंपनी ट्रांसरेल ने शनिवार सुबह से एलिवेटेड रोड का काम शुरू किया। इस दौरान उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, निवर्तमान महापौर जीएस टांक और निगम आयुक्त रामप्रकाश ने मशीन का पूजन किया और श्रीफल वधार कर काम शुरू करवाया। ठेका कंपनी ने पिलर के लिए बोरिंग शुरू की है। कंपनी को इस एलिवेटेड रोड का काम दो साल में पूरा करना है। साथ ही नगर निगम एलिवेटेड रोड के रास्ते में आने वाले अतिक्रमण को भी हटाकर इसका मार्ग प्रशस्त करेगी। इस दौरान निवर्तमान निर्माण समिति अध्यक्ष आशीष कोठारी, निवर्तमान पार्षद भरत जोशी, मुकेश शर्मा, शिल्पा पामेचा, निगम के अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी और एलिवेटेड कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इस एलिवेटेड रोड के लिए राज्य सरकार ने हाल ही वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी है। इसमें नगर निगम को 35 प्रतिशत हिस्सेदारी के रूप में 47.91 करोड़ रुपए, यूडीए को 45 प्रतिशत के रूप में 61.60 करोड़ रुपए और राज्य सरकार 20 प्रतिशत के हिस्से के रूप में 27.38 करोड़ रुपए देगी।

## सहायक आचार्य स्नेहा सिंह को पीएचडी

**उदयपुर (पुकार)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर में विधि विभाग द्वारा शोधार्थी स्नेहा सिंह को 'भोजन संबंधित छलः भारत के संदर्भ में उभरती हुई चिंताएं (विकसित राष्ट्रों के संदर्भ में एक विश्लेषणात्मक अध्ययन)' विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।



उपरोक्त शोध कार्य में खाद्य सुरक्षा और भोजन में मिलावट और खाद्य धोखाधड़ी/ छल से सम्बंधित भारतीय विधानों, विनियमों और निर्णयों की विवेचना की गई है। अध्ययन का उद्देश्य यह पता लगाना था कि उपरोक्त विषयों में हमारा देश कितना सबल है और कहां पर कमियां हैं, इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय साधनों और विकसित देशों जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन थे उनसे भी तुलना की की गई है तथा यह निष्कर्ष निकाला गया कि भारतीय विधानों को अंतर्राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा रहा है, हालांकि भारत में इन विधानों के कार्यान्वयन में कमी है, FSSAI अभी भी खाद्य धोखाधड़ी को नियंत्रित करने की योजना को लागू करने के प्रारंभिक चरण में है और यह भी निष्कर्ष निकला गया है कि विकसित देशों का खाद्य धोखाधड़ी पर बेहतर नियंत्रण है। निष्कर्षों के मद्देनजर विभिन्न सुझाव दिए गए हैं जो भारत में खाद्य धोखाधड़ी नियंत्रण में सुधार के लिए कई तरह की अंतर्दृष्टि और सिफारिशें प्रदान करते हैं। डॉ. स्नेहा सिंह ने अपना शोध कार्य एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजश्री चौधरी के निर्देशन में पूरा किया है।

### संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए पुलिस मुख्यालय का नवाचार

# राजकॉप सिटीजन एप, वूमन सेफ्टी के तहत 'नीड हेल्प' फीचर का शुभारंभ

**उदयपुर (पुकार)।** राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करने के लिये पुलिस विभाग के राजकॉप सिटीजन एप, वूमन सेफ्टी के तहत 'नीड हेल्प' फीचर का शुभारंभ किया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स एवं एएचटी श्रीमती मालिनी अग्रवाल ने राजकॉप सिटीजन ऐप में महिला सुरक्षा के लिए मदद चाहिए (नीड हेल्प) का फीचर दिया गया है। इसमें आपात स्थिति में सहायता व गैर आपात स्थिति में सहायता की दो तरह की सुविधाएं दी गई हैं।



**आपात स्थिति में सहायता :** आपात स्थिति में सहायता के लिए जब भी किसी महिला द्वारा रिक्वेस्ट की जाती है, तो 1090 कन्ट्रोल रूम (जयपुर) को नोटिफिकेशन जाता है। कन्ट्रोल रूम पर कार्यरत पुलिसकर्मी के नोटिफिकेशन स्वीकृत करने पर इसकी सूचना पीड़ित को ऐप पर दिखायी देती है। इसके बाद पीड़ित को कॉल कर समस्या पता की जाती है। अगर पीड़ित फोन नहीं करने का मैसेज रिक्वेस्ट के साथ भेजता है तो ऐसी स्थिति में लोकेशन पर मदद पहुंचाने की कार्यवाही की जाती है। जयपुर कन्ट्रोल रूम ऑपरेटर द्वारा बिना समय गंवाए सम्बन्धित जिले के अभय कमाण्ड सेंटर को सूचना भिजवाई जाती है। जिसके आधार पर पीड़ित की लोकेशन पर उस जिले के सम्बंधित थाने को पहुँच जाती है। थाना पुलिस या नजदीकी वाहन 112 पीड़ित की लोकेशन पर पहुंच मदद पहुंचाता है। वाहन 112 की लोकेशन पीड़ित एप पर ट्रैक वाहन की सहायता से देख सकता है। एप पर हेल्प मांगने के बाद पीड़ित के पास पुलिस की गाड़ी पहुंचने तक की सभी जानकारी ऐप पर दी जाती है। जरूरी सहायत मिलने के बाद पुलिस कर्मी रिक्वेस्ट बन्द कर देता है। मदद प्राप्त हो जाने पर पीड़ित स्वयं भी रिक्वेस्ट बन्द कर सकता है।

**गैर दृ आपातकालीनः** मदद चाहिए (नीड हेल्प) के नोन एण्ड इमरजेंसी हेल्प पर क्लिक कर किसी महिला द्वारा रिक्वेस्ट की जाती है, तो उस स्थिति में नोटिफिकेशन को कन्ट्रोल रूम का पुलिसकर्मी स्वीकृत कर पीड़ित को कॉल कर समस्या पता करता है। समस्या सुनने के बाद तुरन्त संबंधित थाने को सहायता उपलब्ध कराने के लिए कॉल करता है। परिवाद होने की स्थिति में कन्ट्रोल रूम कर्मचारी परिवाद प्राप्त कर सीसीटीएनएस में इन्द्राज कर सम्बन्धित थाने को वह परिवाद जांच के लिए भेज देता है। जांच के बाद जो भी कार्रवाई होती है थाना पुलिस द्वारा कॉल कर कन्ट्रोल रूम को दी जायेगी। इस सूचना के आधार पर 1090 कंट्रोल रूम रिक्वेस्ट बंद कर देता है

**महिला पेट्रोलिंग यूनिट से संवाद**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर पुलिस की महिला पेट्रोलिंग यूनिट की महिला सिपाहियों से बात की तथा 112 वाहन का निरीक्षण किया। एडीजीपी मालिनी अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को राजस्थान पुलिस की प्रदर्शनी का निरीक्षण करवाया तथा आईजीपी शरत् कविराज ने राजकॉप सिटीजन एप में महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाये फ़ीचर 'मदद चाहिए' के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। पुलिस मुख्यालय से एडीजे सिविल राइट्स एवं एएचटी श्रीमती मालिनी अग्रवाल तथा आईजी साइबर अपराध एवं स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो श्री शरत कविराज उपस्थित रहे।

## ग्रीन पीपल सोसाइटी उदयपुर की बैठक



**उदयपुर (पुकार)।** ग्रीन पीपल सोसायटी की बैठक का आयोजन शुक्रेवार को टाउन हॉल प्लानिंग इंस्टीट्यूट कार्यालय में हुवा। बैठक में सोसायटी अध्यक्ष राहुल भटनागर, श्याम दवे, यासीन पठान, सुहेल मजबूर, ललित जोशी, पीएस चुंडावत, वीएस राणा एवं डॉ. सतीश कुमार शर्मा उपस्थित हुए। इस अवसर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना द्वारा राज्य स्तरीय पर्यावरण समाधान निर्धारण प्राधिकरण राजस्थान का गठन होने व उसमें समिति के अध्यक्ष भटनागर का मनोनयन होने पर बधाई दी। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल एनर्जी यूनिवर्सिटी गांधीनगर, गुजरात द्वारा भेजे गए इंटरन छात्रों को स्थानीय पर्यावरणीय मुद्दों पर अध्ययन हेतु विषय वस्तु, उद्देश्य एवं अध्ययन प्रक्रिया तय की गई। ताकि छात्र अपना अध्ययन निर्धारित समय मे पूर्ण कर अपनी अध्ययन रिपोर्ट ग्रीन पीपल समिति तथा विश्वविद्यालय को प्रेषित कर सकें। बैठक में अजीज प्रेमजी यूनिवर्सिटी द्वारा भी इंटरन भेजने हेतु प्राप्त प्रस्ताव पर चर्चा की गई तथा विश्वविद्यालय को जवाब प्रेषित किया गया। भविष्य में अजीज प्रेमजी विश्वविद्यालय के साथ कार्य करने की सहमति बनी। इस अवसर पर 20 से 22 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले पैडल टू जंगल के आठवें संस्करण की तैयारी की भी समीक्षा की गई । आयोजन को सफल बनाने हेतु सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई । अंत में अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं बैठक संपन्न हुई।

## एकलिंगपुरा चौराहे का नाम सावित्रीबाई फुले करने व आदमकद मुर्ति लगाने की मुख्यमंत्री से मांग

**उदयपुर (पुकार)।** सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट उदयपुर के पदाधिकारियों ने संरक्षक वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी के नेतृत्व में राजस्थान के मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मांग की एकलिंगपुरा चौराहे का नाम भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के नाम से नामकरण किया जाए एवं चौराहे पर आदमकद मुर्ति लगाई जाए। प्रवक्ता



नरेश पूर्बिया ने बताया कि भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फूले की जयंती 3 जनवरी को शिक्षिका दिवस के रुप में मनाई जाती है। राज्य सरकार द्वारा भी राजकीय अवकाश घोषित कर रखा है। सावित्रीबाई फुले शिक्षाविद के साथ एक अच्छी लेखिका भी थी। जिसने समाज सुधार के कई कार्य किए, जैसे बाल विवाह रोकना, विधवा विवाह करवाना एवं सती प्रथा का उन्मूलन व समाज उत्थान के कई कार्य किये। ज्ञापन देने में संस्थापक दिनेश माली, महामंत्री सुर्य प्रकाश सुहालका, संरक्षक रमाकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष बाल कृष्ण सुहालका, संरक्षक मणीबेन पटेल, सचिव किशन राव सहित महासभा के कई सदस्य उपस्थित थे।

## एश्वर्या चल वैजयंति प्रतियोगिता सम्पन्न



**उदयपुर (पुकार)।** एश्वर्या कॉलेज मे 14वीं अंतरमहाविद्यालयी ऐश्वर्या चल वैजयन्ती प्रतियोगिता का समापन हुआ। साहित्यिक गतिविधियों के एक साझा मंच के तहत् पोस्टर, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियागिताएँ हुई।कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता का खिताब मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने जीता। निबंध लेखन प्रतियोगिता में विवेकानंद कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में द स्कॉलर एरीना, उदयपुर ने बाजी मारी। समापन समारोह में अतिथि डॉ. लोकेश जैन, द स्कोलर एरिना, कुंवर राज विद्याभवन गांधी एण्ड इंस्टीट्युट, और डॉ. अंजु व्यास ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। अतिथि डॉ. जैन ने विद्याथियों को जीवन में सफलता के लिए परिश्रम एवं स्वाध्याय को आवश्यक बताया। अतिथि कुंवर राज ने बताया कि हर दिन एक नया अवसर है, अपने सपनों को साकार करने के लिए हमेशा सार्थक प्रयास करने चाहिए।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.